
डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com


आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5



PG-8

सिनेमा: सीआईडी की 'इंस्पेक्टर' का बाथरूम में नहाते हुए वीडियो हो रहा वायरल

वर्ष -08 अंक -52 | प्रयागराज, शुक्रवार 29 अप्रैल, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक आजादी के नाम पर न हो मनमानी, धर्म या मजहब दूसरों को कष्ट देने के लिए नहीं

**नई दिल्ली।** देश के भीतर आए दिन नए-नए विवाद पैदा हो रहे हैं। अभी धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर चर्चा में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धर्म की आजादी किसी के मूल अधिकार का हनन नहीं कर सकती। जो लोग आवाज नहीं सुनना चाहते, उन्हें सुनने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। पिछले साल मई में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फैसला दिया था कि अजान देना धार्मिक आजादी का अधिकार है, लेकिन लाउडस्पीकर से अजान देना नहीं। शोर को सीमित करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं, जिनके अनुसार आवासीय क्षेत्रों में दिन के समय लाउडस्पीकर की आवाज 55 डेसीबल और रात के समय 45 डेसीबल होनी चाहिए। ध्वनि को नियंत्रित करने के लिए हर राज्य के अलग-अलग कानून हैं। यहां तक कि राज्य के अंदर भी अलग-अलग इलाकों के लिए ध्वनि नियंत्रण के अलग-अलग नियम हैं। इन नियमों का पालन ठीक से नहीं होता। इनकी जानकारी भी आम लोगों को कम ही है।आस्था में लाउडस्पीकर की कोई जरूरत नहीं है। चाहे मजहब कोई भी हो, उसका पालन इस तरह किया जाना चाहिए कि दूसरों को उससे तकलीफ न हो। लाउडस्पीकर की आवाज से ध्वनि प्रदूषण पैदा होता है, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। इसलिए इस पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है। इसे सभी धर्मों पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए।

### सरकार ने किया आगाह मई जून में होगी रिकार्ड बिजली की मांग, कोल इंडिया ने भी संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाई

**नई दिल्ली।** एक तरफ जब देश के ताप बिजली घरों में कोयले की कमी को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं तब सरकार ने कहा है कि मई-जून तक बिजली की मौजूदा मांग 10 प्रतिशत तक और बढ़ सकती है। मंगलवार को देश में बिजली की मांग 2.01 लाख मेगावाट थी। यह पिछले वर्ष नौ जुलाई को दर्ज 2.00539 लाख मेगावाट से ज्यादा रही है। मार्च, 2022 में बिजली की मांग 8.9 प्रतिशत ज्यादा रही है।

## असम दौरे पर पीएम मोदी, कहा- डबल इंजन की सरकार में सबका साथ, सबका विकास


**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी असम के दौरे पर हैं। पीएम कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। मोदी ने कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू में 'शांति, एकता और विकास रैली' को संबोधित किया। इससे पहले मोदी ने कार्बी आंगलोंग में मांजा पशु चिकित्सा महाविद्यालय, वेस्ट कार्बी आंगलोंग कृषि महाविद्यालय, अम्पानी वेस्ट कार्बी आंगलोंग गवर्नमेंट कॉलेज सहित कई योजनाओं की आधारशिला रखी। लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज यहां 1,000 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। ये सारे संस्थान यहां के युवाओं को नए अवसर देने वाले हैं। आज जो शिलान्यास हुआ है, वे सिर्फ इमारत का शिलान्यास नहीं है, बल्कि मेरे नौजवानों का शिलान्यास है। उच्च शिक्षा के लिए अब यहीं पर उचित व्यवस्था होने से अब गरीब से गरीब व्यक्ति भी अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पाएगा। मोदी ने कहा कि ये सुखद संयोग है कि आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब हम इस धरती के महान सपूत लचित बोरफुकान की 400वीं जन्म जयंती भी मना रहे हैं। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रशक्ति की प्रेरणा है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार, जहां भी हो वहां सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से काम करती है। आज ये संकल्प कार्बी आंगलोंग की धरती पर फिर से सशक्त हुआ है। आजादी के अमृतकाल में कार्बी आंगलोंग भी शांति और विकास के नए भविष्य की तरफ बढ़ रहा है। अब यहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। आने वाले कुछ वर्षों में हमें उस विकास की भरपाई करनी है, जो बीते दशकों में नहीं कर पाए थे। पीएम ने बताया कि आज असम में



भी 2600 से अधिक अमृत सरोवर बनाने का काम शुरू हो रहा है। जो पूरी तरह से जनभागीदारी पर आधारित है। ऐसे सरोवरों की तो जनजातीय समाज में एक समृद्ध परंपरा रही है। इससे गांवों में पानी के भंडार तो बनेंगे ही, इसके साथ-साथ ये कमाई के भी स्रोत बनेंगे। जल जीवन मिशन के शुरु होने से पहले तक यहां 2 प्रतिशत से कम गांवों के घरों में पाइप से पानी पहुंचता था, वहीं अब 40 प्रतिशत परिवारों तक पाइप से पानी पहुंच चुका है। मुझे विश्वास है कि जल्द से जल्द असम के हर घर तक पाइप से पानी पहुंचाने लगेगा। उन्होंने आगे कहा, 'आज पूरे देश में हिंसा, अराजकता का समाधान किया जा रहा है, कभी इस क्षेत्र की चर्चा होती थी तो बम और गोलियों की आवाज़ सुनाई देती थी। पिछले वर्ष सितंबर में कार्बी आंगलोंग के अनेक संगठन शांति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने का कदम उठा चुके हैं। कार्बी आंगलोंग या दूसरे जनजातीय क्षेत्रों में हम विकास और विश्वास की नीति पर ही काम कर रहे हैं। आप जानते हैं कि मैंने आपकी समस्याओं को, इस क्षेत्र की दिक्कतों को आप ही के परिवार के एक सदस्य के रूप में, आप के ही एक भाई और बेटे की तरह समझने की कोशिश की है। बीते 8 सालों के दौरान स्थाई शांति और बेहतर कानून व्यवस्था लागू होने के कारण हमनें ईएईं को नार्थ ईस्ट के कई क्षेत्रों से हटा दिया है। बोडो अकॉर्ड हो या फिर कार्बी आंगलोंग का समझौता, लोकल सेल्फ गवर्नेंस पर हमनें बहुत बल दिया है। केंद्र सरकार का बीते 7-8 साल से ये निरन्तर प्रयास रहा है कि स्थानीय शासन की संस्थाओं को सशक्त किया जाये, अधिक पारदर्शी बनाया जाए। सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ आज सीमा से जुड़े मामलों का समाधान खोजा जा रहा है। असम और मेघालय के बीच बनी सहमति दूसरे मामलों को भी प्रोत्साहित करेगी। इससे इस पूरे क्षेत्र के विकास की आकांक्षाओं को बल असम की स्थायी शांति और तेज विकास के लिए जो समझौता हुआ था। उसको जमीन पर उतारने का काम आज तेज गति से चल रहा है। हथियार छोड़कर जो साथी राष्ट्र निर्माण के लिए लौटे हैं, उसके पुनर्वास के लिए भी बेहतर काम किया जा रहा है। आप सभी ने बीते दशकों में एक लंबा समय बहुत मुश्किलों से गुजारा है, लेकिन 2014 के बाद नार्थ-ईस्ट में मुश्किलें लगातार कम हो रही हैं, लोगों का विकास हो रहा है। आज जब कोई असम के जनजातीय क्षेत्रों में आता है, नार्थ-ईस्ट के दूसरे राज्यों में जाता है, तो हालात को बदलते देखकर उसे भी अच्छा लगता है। दोपहर करीब 01:45 बजे प्रधानमंत्री असम मेडिकल कालेज डिब्रूगढ़ पहुंचेंगे। मोदी देशवासियों को डिब्रूगढ़ कैंसर अस्पताल को समर्पित करेंगे। बाद में लगभग तीन बजे वह डिब्रूगढ़ के खनिकर मैदान में एक सार्वजनिक समारोह में भी हिस्सा लेंगे। मोदी यहां 6 और कैंसर अस्पताल राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस तरह पीएम आज सात नए कैंसर अस्पतालों की आधारशिला रखेंगे। ये कैंसर अस्पताल डिब्रूगढ़, कोकराझार, बारपेटा, दरांग, तेजपुर, लखीमपुर और जोरहाट में बने हैं। बता दें कि पीएम मोदी के असम दौरे के कारण असम सरकार ने विशेष रूप से 28 अप्रैल को दोनों जिलों में राजकीय अवकाश घोषित किया है।

## चार धाम यात्रा की तैयारियों में तेजी से जुटी सरकार, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में लगे अधिकारी

**देहरादून।** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 2022 की तैयारियां तेजी से चल रही हैं और हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन के लिए पंजीकरण करवा लिया है। कोरोना महामारी के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार चार धाम यात्रा में तीथर्यात्रियों की रिकॉर्डतोड़ संख्या पहुंच सकती है। आगामी 3 मई को अक्षय तृतीया



के साथ ही गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे और चार धाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद विधि विधान से 6 मई को केदारनाथ धाम और फिर 8 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे। यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए लगातार सरकार और इसके आला अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेने में जुटे हुए है इसे पहले मंगलवार को तैयारियों का जायजा लेने स्वयं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने यहां जारी पुनर्निर्माण कार्यों को देखा और कहा कि जिस तरह इस बार चार धाम यात्रा को लेकर पंजीकरण, होटल-टैक्सी की बुकिंग हो रही है, उसे देखकर यह कहा जा सकता है कि इस बार यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। वहीं, स्वदेशी सोशल मीडिया मंच कू ऐप पर श्री यमुनोत्री मंदिर समिति, यमुनोत्री धाम ने अपने आधिकारिक हैंडल के जरिये एक तस्वीर पोस्ट कर चार धाम यात्रा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस पोस्ट में सड़क मार्ग से मलबाल हटाते एक बुलडोजर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि आज दिनांक 27 एवं 28 अप्रैल 2022 को यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने डीएम उत्तरकाशी यमुनोत्री धाम की यात्रा पर रहेगें। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग आलवेदर कार्य के चलते कई जगह बाधित हो रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री धामी के मंगलवार को केदारनाथ दौरे के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 6 मई को बाबा केदानाथ के दर्शन करने पहुंच सकते हैं। हालांकि, अभी तक पीएम मोदी का कोई आधिकारिक कार्यक्रम सामने नहीं आया है, लेकिन पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट केदारपुरी के पुनर्निर्माण की झलक देखने और जनता को सौंपने के लिए उनका आना कोई हैरानी की बात नहीं होगी। इतना ही नहीं, उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने चार धाम यात्रा 2022 को लेकर तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई इंतजाम किए हैं। इनमें पंजीकरण कराना भी शामिल है। श्रद्धालु चार धाम यात्रा के लिए ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं और पंजीकरण पूरा होने पर उन्हें क्यूआर कोड भी मिलेगा।

## केंद्रीय इस्पात मंत्री आज दुनिया की सबसे बड़ी रेबार मिल राष्ट्र को करेंगे समर्पित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह गुरुवार को ओडिशा में अपने इस्पात संयंत्र में स्थित जेएसपीएल की रीबार मिल राष्ट्र को समर्पित करेंगे। जेएसपीएल ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 1.4 एमटीपीए की रीबार मिल दुनिया की सबसे बड़ी रीबार बनाने वाली इकाई में से एक है।बयान में कहा गया है कि मंत्री जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) इकाई में इसके 2 एमटीपीए कोयला गैसीकरण संयंत्र का भी दौरा करेंगे। रीबार बनाने की सुविधा ओडिशा संयंत्र के अंगुल में जेएसपीएल के 6 एमटीपीए संयंत्र में स्थित है। कंपनी अपने अंगुलु संयंत्र में स्टील का उत्पादन करने के लिए कोयला गैसीकरण तकनीक का उपयोग कर रही है इस रीबार मिल के बारे में नवीन जिंदल, चेयरमैन, जेएसपीएल ने कहा- 'हम सौभाग्यशाली हैं कि भारत की सबसे बड़ी टीएमटी रीबार मिल को माननीय केंद्रीय इस्पात मंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया जा रहा है।

## दिल्ली में आज 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है तापमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में इस बार रेकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। राजधानी में पारा 44 से ऊपर पहुंच गया है। दिन में गर्म हवाएं लोगों का जीना दूभर कर रही हैं। राजधानी में



अब मई की शुरुआत तक लू रह सकती है। राजधानी में गुरुवार से ही लू का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो आज दिल्ली में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकती है। हालांकि इस दौरान 29 अप्रैल को आंधी भी आएगी। लेकिन इसकी वजह से गर्मी से कुछ राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 5 दिनों के दौरान विदर्भ, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में लू की स्थिति जारी रहेगी। 1 मई तक दिल्ली, 29 अप्रैल तक बिहार, 28-30 अप्रैल के दौरान छत्तीसगढ़ और 28 अप्रैल को गुजरात के उत्तरी हिस्सों में यही स्थिति रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली सहित कई राज्यों में गुरुवार से अगले पांच दिनों के लिए भीषण लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच सकता है। पंजाब में गुरुवार को तापमान और बढ़ने का अनुमान है। बठिंडा और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाने की संभावना है, जबकि शेष पंजाब में लू चलेगी। अधिकतम तापमान पारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में गुरुवार को मैदानी क्षेत्रों में धूप खिलेगी जबकि अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अब लू चलने की संभावना कम है क्योंकि अधिकांश हिस्सों में ठंडी हवाएं चलेंगी, जिससे गर्मी से अपेक्षाकृत राहत मिलेगी। जम्मू संभाग में तापमान 40 डिग्री पार करने के बाद 48 घंटों में बारिश के आसार। अगले दो दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी अनुसार 29, 30 अप्रैल को तपती गर्मी से हल्की राहत मिलेगी।

## सस्ते उपचार में सहायक होंगी जेनेरिक दवाएं जनऔषधि केंद्र मरीजों को देंगें राहत

**छत्तीसगढ़।** बीते दिनों दवाओं की बढ़ी कीमतों ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। अस्पताल का बिल और दवाओं की कीमतें घर का बजट बिगाड़ देती हैं। आंकड़े बताते हैं कि देश में प्रत्येक वर्ष करीब तीन फीसद परिवार बीमारी के बाद महंगे इलाज के कारण गरीबी रेखा के नीचे आ जाते हैं। ऐसे में सरकार की आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क इलाज और जनऔषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती जेनेरिक दवाओं का मिलना मरीजों के लिए राहत की बात है। जरूरत है समग्र दृष्टिकोण कीः लोगों को सस्ता इलाज देने में समग्र दृष्टिकोण महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। कई बीमारियों को जड़ से मिटाने में एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेदिक और योग चिकित्सा को साथ लेकर उपचार करने का प्रयोग कारगर



हो सकता है। डा. आंबेडर मेडिकल कालेज के प्रिवेंटिव एवं सोशल मेडिसिन के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. विनोद बिहारी सक्सेना सभी पद्धतियों की मदद से चिकित्सकों को उपचार के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने सन् 1991 में मरीजों का चारों पैथियों से उपचार शुरू किया था। डा. विनोद ने पहला जनऔषधि केंद्र रायपुर के कोटा में खोला था।

## रक्षा कार्यालय परिसर पहुंचे राजनाथ सिंह, आज नौसेना कमांडरों के सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नौसेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करने रक्षा कार्यालय परिसर पहुंच गए हैं। यह सम्मेलन नौसेना कमांडरों के




लिए सैन्य-रणनीतिक स्तर पर महत्वपूर्ण समुद्री मामलों पर चर्चा करने के साथ-साथ एक संस्थागत मंच के माध्यम से वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे और भारतीय वायु सेना के मार्शल विवेक राम चौधरी भी इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। बता दें कि यह चार दिवसीय सम्मेलन सोमवार को शुरू हुआ था और आज इसका अंतिम दिन है। नौसेना प्रमुख अन्य नौसेना कमांडरों के साथ पिछले छह महीनों में भारतीय नौसेना द्वारा किए गए प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे और महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भविष्य की योजनाओं पर विचार करेंगे। इस सम्मेलन में पड़ोसी देशों के सुरक्षा परिदृश्यों की पृष्ठभूमि में भू-रणनीतिक स्थिति की गतिशीलता के साथ-साथ चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण उभरती चुनौतियों पर भी ध्यान दिया जाएगा। इस बैठक में कमांडरों द्वारा हिंद महासागर में चीनी नौसेना की बढ़ती गतिविधियों के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी ताकत पर भी विशेष विचार-विमर्श हो सकता है। चीन के साथ एलओसी पर गतिरोध को भी सेना इस बैठक में उठा सकती है। बात दें कि बैठक में मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर बातचीत के साथ नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा हो सकती है। सेना के अभियानों को प्रभावशाली बनाने और दक्षता को बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा की जायेगा। वहीं शीर्ष कमांडर सेंसरों और हथियारों के प्रदर्शन, नौसेना के प्लेटफार्म की तैयारियों, परियोजनाओं और कई अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा करेंगे।



# शुआट्स में दो दिवसीय विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नैनी (प्रयागराज)।** वर्तमान तकनीकी युग में नवाचार और बौद्धिक संपदा प्रमुख चालक हैं। नवाचार, रचनात्मकता और बौद्धिक संपदा के विस्तार के लिये शुआट्स के निदेशालय आई.पी.सी. और इण्टरप्रेनर्स एण्ड इनोवेटर्स क्लब (एपिक) द्वारा दो दिवसीय विश्व बौद्धिक संपदा दिवस समारोह का आयोजन किया। .इस वर्ष विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्लूयूआईपीओ) द्वारा घोषित विषय 'आईपी और युवा- बेहतर भविष्य के लिये नवाचार द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2022 का आयोजन था, जिस पर विभिन्न प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें अभिनव कार्य मॉडल प्रतियोगिता, पिच परफेक्ट बिजनेस प्लान पिच प्रतियोगिता, जैम-जस्ट ए मिनट कॉम्पिटिशन और आर्टिकल राइटिंग कॉम्पिटिशन आदि शामिल थे। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) ए.के.ए. लॉरेंस, प्रति कुलपति (शैक्षिक) ने कार्यक्रम के आयोजनकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। निदेशक आईपीसी प्रो. (डॉ.) जोनाथन ए लाल ने सभी विशिष्ट अतिथियों, विशेषज्ञ वक्ताओं, डीन, निदेशकों, संकाय और छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कर्मचारियों और छात्रों को नवाचार, बौद्धिक संपदा अधिकार, उद्यमिता और ऊष्मायन समर्थन की दिशा में आईपीसी निदेशालय की विभिन्न पहलों के बारे में अपने विचार साझा किए विशिष्ट अतिथि सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यम मंत्रालय के संयुक्त निदेशक एल.बी.एस. यादव ने एक उद्यम की सफलता में बौद्धिक संपदा के महत्व पर जोर देते हुए तकनीकी बातें बताईं। उन्होंने नवोदित उद्यमियों को प्रोत्साहित करने में सरकार की स्टार्ट-अप इंडिया पहल की सराहना की। उन्होंने एमएसएमई की विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जो उद्यमियों को नए स्टार्ट-अप स्थापित करने में सहायता कर रही हैं। विशेषज्ञ वक्ता भारतीय पेटेंट कार्यालय, नई दिल्ली की पेटेंट और डिजाइन की परीक्षक सुश्री शैली चौधरी ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की मूल बातें साझा कीं तथा विभिन्न आईपी के प्रारूपण और फाइलिंग के बारे में जागरूक किया तथा प्रतिभागियों के लिए एक छोटी प्रशनेत्तरी भी आयोजित की। बीआईओआरएक्स वेंचर एडवाइजर्स के संस्थापक व सीईओ तथा इंडियन हेल्थकेयर एंजल्स के मुख्य विचारक डॉ. विशाल गांधी ने वर्चुअली कार्यक्रम को संबोधित किया और स्टार्ट-अप यात्रा, उद्यमियों के लिए फंड जुटाने पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। आईपीसी निदेशालय के बिजनेस डेवलपमेन्ट ऑफिसर अभिषेक कुमार चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के उत्कृष्ट विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर कार्यक्रम का समापन हुआ। पिच परफेक्ट बिजनेस प्लान पिच प्रतियोगिता के विजेता सत्यम शर्मा और प्रतीक द्विवेदी (प्रथम पुरस्कार) रहे। आरफीन हसन और उज्जवल राजपूत को द्वितीय पुरस्कार तथा शामरोज अबरार को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता के विजेता अभिषेक सिंह चौहान और अनिकेत कुमार शुक्ला (प्रथम पुरस्कार) रहे, शिमोन नवाज लोन, पलक सिंह और शिनो शेरी ओमन द्वितीय पुरस्कार विजेता थे। जैम-जस्ट-ए-मिनट प्रतियोगिता के विजेता कोणार्क त्रिपाठी (प्रथम पुरस्कार) रहे, शामरोज अबरार (द्वितीय पुरस्कार) और शिमोन नवाज लोन तृतीय पुरस्कार विजेता थे। लेख लेखन प्रतियोगिता के विजेता अंजलि (प्रथम पुरस्कार), सिद्धार्थ गोस्वामी (द्वितीय पुरस्कार) रहे तथा वर्तिका चित्रांशी को तृतीय पुरस्कार मिला। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र, मेडल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।




# शुआट्स केवीके में किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी किसान मेला आयोजित

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नैनी (प्रयागराज)।** आई.सी.ए.आर. एवं कृषि विभाग, प्रयागराज उ0प्र0 के सौजन्य से शुआट्स कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रांगण में 75वॉ आजदी का अमृत महोत्सव, किसान मेला का आयोजन हुआ जिसका विषय ङ्किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारीङ्क था। मुख्य अतिथि विधायक कोंराव राजमणि कोल ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कहा कि परमरागत कृषि तथा कृषि विकास योजना भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजना चलाई जा रही है जिसके अन्तर्गत किसानो को जैविक खेती के लिये प्रोत्साहित किया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि कृषि विकास बीमा कम्पनी कृषि राजस्व ग्राम पंचायत गांव गांव जाकर किसानों को के.सी.सी. बनवाने पी.एम किसान सम्मान निधि निरन्तर के.वाई सी करने और अपने फसलों की सुरक्षा पर कार्य कर रहा है। साथ ही साथ 1 मई से 30 जून तक पीएम सम्मान निधि सोशल आडिट कराई जा रही है। जिससे अधिक से अधिक उपस्थित होकर आपात्र लोगो को जानकारी हो। कृषि विज्ञान केन्द्र के विभागाध्यक्ष डा0एस0डी0मेकार्टी ने कृषि विज्ञान केन्द्र में चल रही विभिन्न गतिविधियों सहित जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिक उत्पादन करने के साथ-साथ मृदा स्वास्थ बनाये रखना तथा पर्यावरण शुध्द एवं स्वास्थ की दृष्टिकोण से रासायनिक उर्वरको के साथ-साथ जैव उर्वरको एंव जैविक खादों संतुलित मात्रा में प्रयोग किसान भाईयों को करने की सलाह दी। निदेशक प्रसार प्रो0 डा0 आरिफ ब्राडवे ने बताया कि किसान उत्पादन संगठन एफ.पी.ओ 10किसानें से शुरू किया जा सकता है जो एक संस्था का कार्य करती है। वैज्ञानिक सुबोध यादव ने बीज उपचार के लिये बीजा अमृत के लिये गाय का गोबर 5किग्रा,गोमूत्र 5लीटर,लाइम 50ग्राम जल 20लीटर 100किग्रा बीज के लिये प्रार्याप्त है। वैज्ञानिक डा0डी0एस0चौहान ने नमूना लेने की जानकारी दी। दलहनी फसलों में उकठा रोगों के कारण एव निवारण के बारें में जानकारी दी। वैज्ञानिक डा0अजय कुमार ने मृदा स्वास्थ के लिये जैविक खादों जैसे वर्मी कम्पोस्ट, नादेप कम्पोस्ट, गोबर की खाद, हरी खाद, जैव उर्वरक के प्रयोग करने की सलाह दी। डा0आर0पी0सिंह, डा0 जी.पी.एम. सिंह, उप परियोजना निदेशक आत्मा इन्द्र कान्त पाण्डे, होम सांइटिस्ट श्रीमती निमिषा नटराजन ने भी किसानों को तकनीकी जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के 300 किसानों ने भाग लिया। प्रसार निदेशालय के संयुक्त प्रसार निदेशक डा0आलोक मिलटन लाल, समन्यवयक डा0अरूण यादव, मनोज कुमार, एस0पी0सिंह, प्रमोद कुमार, जितेन्द्र सिंह, बृजेश, ए0के0 दास आदि उपस्थित रहें। संजय के लाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।



# बाइक ट्रैक्टर की भिड़ंत कुल आठ लोग घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**कौंधियारा।** थाना क्षेत्र के एकौनी निवासी संजय कुमार चौधरी 40 पुत्र बदर कुमार अपनी बेटी श्रद्धा 5 ,बेबी 8 ,व बेटा विवेक 6, बहन प्रतिमा 18, व भतीजी पूजा 30 पुत्री सेवालाल को बैठाकर जारी बाजार सामान खरीदने गया था। वापस लौटते समय 7:30 बजे सेमरी गांव के सामने पहुंचा था कि एक ट्रैक्टर से टकरा गया। उसी समय दूसरी बाइक पर अनूप 17 पुत्र नंदू लाल व मंगला 18 पुत्र भोला निवासी सेमरी थाना कौंधियारा आ गए जो बाइक से टकरा गए। ट्रैक्टर की टक्कर के बाद दोनों बाइक आपस में टकरा गई जिससे बाइक सवार कूल आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह सभी घायलों को स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल संजय व पूजा को 108 एंबुलेंस से स्वरूपरानी भेजा गया शेष 6 लोगों का इलाज स्थानीय चिकित्सालय में चल रहा है।



# राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का प्रयागराज में किसानों ने किया भव्य स्वागत

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर (प्रयागराज)।** भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का प्रयागराज आगमन पर किसानों ने जोरदार स्वागत किया। किसान नेता बब्बू दूबे के अगुवाई में फाफामऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का काफिला रूका। जहाँ बब्बू दूबे अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ माल्यार्पण कर प्रयागराज की पावन धरती पर स्वागत किया। साथ ही साथ जमकर नारेबाजी हुई। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला झलवा स्थित किसान पार्क के लिए रवाना हुआ। जहाँ किसान नेता शनि शुक्ला अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ उपस्थित रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान पार्क स्थित किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की स्मृति पर माल्यार्पण कर पंचायत को संबोधित किया। तथा भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शनि शुक्ला को प्रदेश अध्यक्ष और बब्बू दूबे को मंडल अध्यक्ष मनोनीत करते हुए प्रमाण पत्र भेंट की। इस दौरान किसान नेता अमरनाथ यादव, डाक्टर राम मूरत, लाल प्रताप, राम सजीवन, महेंद्र, रमेश तिवारी, कप्तान पांडेय, नीरज प्रजापति, राज कुमार, पप्पू यादव आदि सैकड़ों समर्थकों व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# फूलपुर में कृषि विभाग भवन निर्माण में घोर अनियमितता

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर (प्रयागराज)।** फूलपुर में कृषि विभाग का पुराना जर्जर भवन हटा कर नया भवन कृषि कार्यालय का निर्माण ठेकेदारी प्रथा से बनवाया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। एग्री जंक्सन के धर्मेंद्र सिंह ने मात्र एक फीट ही नीव खोदकर नीव भराई कर देने का पूरा मामला सीएम कार्यालय को ट्वीट किया है। धर्मेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है। कि एसडीएम कार्यालय से 100 मीटर दूरी पर बन रहे कृषि कार्यालय को आते जाते एसडीएम फूलपुर निरीक्षण करते तो ठेकेदार की कलई खुल जाती। कृषि विभाग के जिम्मेदार भी मौन साधे हैं। इस प्रकार यदि बुनियाद डाली गई तो कितने दिन तक यह भवन खड़ा रह पाएगा।



# सीएम के आदेश को विद्युत विभाग ने समझा हवा हवाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** प्रदेश में हो रही बेतहाशा विद्युत कटौती से प्रदेश का जन सामान्य परेशान हो गया। भीषण गर्मी बढ़ता तापमान विद्युत की अघोषित कटौती से गांव शहर अछूता नहीं रहा। अंत प्रदेश के मुखिया ने मंगलवार को समाचार पत्रों के माध्यम से विद्युत विभाग के जिम्मेदारों से तत्काल कटौती बंद करने के आदेश दिए। परंतु यह सब कुछ विद्युत विभाग ने हल्के में लिया। मंगलवार शाम से बुधवार की सुबह तक फूलपुर के समस्त उप केंद्रों पर विशेषतया खंसार उपकेंद्र पर 8 से 10 घंटों की कटौती से लोग परेशान हो उठे लोगों से बात करने पर बताया गया। कि कंट्रोल से खुलवाया जा रहा है। ऐसे में लोग प्रदेश के मुखिया के महत्वपूर्ण आदेशों को हवाहवाई समझ रहे हैं।

# एन0डी0आर0एफ0 द्वारा नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारियों को आपात स्थितियों में बचाव कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा श्री नरेन्द्र शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि नागरिक सुरक्षा विभाग स्तर पर निर्धारित 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत हवाई हमले/आपदा के दौरान बचाव हेतु नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों के संबंध में एक अभ्यास/प्रदर्शन के क्रम में दिनांक 25.04.2022 से 29.04.2022 तक सरस केन्द्र, विकास भवन में चल रहे नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण (अमानदेय) के तीसरे दिन नागरिक सुरक्षा के 120 से अधिक पदाधिकारियों को एन0डी0आर0एफ0 (11, राष्ट्रीय आपदा मोचक बल, वाराणसी) के इंस्पेक्टर श्री दिनकर त्रिपाठी जी ने आपात स्थितियों में बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया, जिनमें गैस, कैमिकल आदि की इमरजेंसी, बाढ से पूर्व, बाढ के दौरान एवं बाढ के उपरान्त की जाने वाली कार्यवाहियॉं, सॉप आदि जहरीले जन्तुओं के काटने पर व घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार व स्ट्रेचर के माध्यम से लाना-लेजाना, भूकम्प, चक्रवात, सडक दुर्घटना, शारीरिक चोंट जैसे सिर, आँख, हड्डी टूटने, बहते रक्त को रोकने के उपाय आदि की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नये-नये मानव जनित आपदाओं के अंतर्गत ताजा उदाहरण देते हुये यूक्रेन-रूस युद्ध से काफी कुछ सबक लेने पर बल दिया। श्री उज्जवल कुमार, रेस्क्यूअर ने मेनीक्विन पर सी0पी0आर0 तकनीक का डेमो दिया तथा कुछ उत्साही स्वयंसेवकों द्वारा भी मंच पर इसका अभ्यास किया गया। इस अवसर पर 11, एन0डी0आर0एफ0, वाराणसी के सैकेण्ड-इन-कमाण्ड श्री असीम उपाध्याय भी उपस्थित रहे। उपनियंत्रक श्री नरेन्द्र शर्मा एवं चीफ वार्डन श्री अनिल कुमार द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन एवं प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया गया। कल दिनांक 28.04.2022 को नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केन्द्र कार्यालय परिसर में रेस्क्यू मैथड, फायर, फर्स्ट एड आदि का डिमॉंस्ट्रेशन नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारियों द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न प्रखण्डों के डिवीजनल वार्डन, आई0सी0ओ0, स्टाफ आफीसर, पोस्ट वार्डन, सेक्टर वार्डन सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।





# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 30 अप्रैल 2022

**सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790**

# राष्ट्रीय लोक अदालत सम्पन्न बैठक सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में पीठासीन अधिकारी एम0ए0सी0टी0 रोहित सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14 मई 2022 को सफल बनाने हेतु प्री-ट्रायल बैठक की गयी। बैठक में पीठासीन अधिकारी एम0ए0सी0टी0 ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की बात कही। बैठक का संयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में एम0ए0सी0टी0 वादों से सम्बन्धित अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक निदेशक मत्स्य/मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक ने बताया है कि केन्द्र पुरोनिधानित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना भारत सरकार द्वारा 2020-21 से 2024-25 तक की अवधि हेतु लागू की गयी है। योजना में कुल परिव्यय का 60 प्रतिशत केन्द्रांश एवं 40 प्रतिशत राज्यांश है। योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला लाभार्थियों को 60 प्रतिशत एवं अन्य लाभार्थियों को 40 प्रतिशत अनुदान देय हैं। अनुदान के अतिरिक्त परियोजना की शेष धनराशि लाभार्थी अंश है। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत माह जनवरी 2022 में प्राप्त नये आवेदन के आधार पर लाभार्थियों एवं वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना का जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन लिया गया। परियोजनावार प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में बताया गया कि निजी भूमि में तालाब निर्माण पर 7 लाख प्रति हेक्टेयर व निवेश पर 4 लाख प्रति हेक्टेयर परियोजना की लागत है। इसी प्रकार बायोफलॉक निर्माण संवर्धन प्रथम वर्ष निवेश सहित परियोजना की लागत रूपये 14 लाख प्रति यूनिट, वृहद री-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम परियोजना की लागत रूपये 50 लाख प्रति यूनिट एवं मत्स्य बीज हैचरी निर्माण परियोजना की लागत रूपये 25 लाख प्रति यूनिट है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये और इसका प्रचार प्रसार कराया जाये। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला लाभार्थियों सहित अन्य पात्र लाभार्थियों को दिया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता कदापि न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

## निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत क्षय रोगियों को गोद लिए जाने की कार्यवाही पूरी की जाय मण्डलायुक्त ने शत-प्रतिशत नवजात बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त श्री संजय गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को गांधी सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में क्षय रोगियों को गोद लिए जाने की स्थिति, नवजात शिशुओं के टीकाकरण, कुपोषण, गौशालाओं में भूसा की उपलब्धता, समस्त पेंशन का आधार प्रमाणीकरण, दिव्यांग प्रमाणपत्र, स्कूल चलो अभियान, मनरेगा के तहत जल संरक्षण, ग्राम पंचायतों में सचिवालयों के निर्माण, आईजीआरएस, ग्रामीण पाइप्ड पेजयल योजना, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर क्षय रोगियों को गोद लिए जाने की समीक्षा करते हुए प्रयागराज में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष गोद लिए जाने वाले क्षय रोगियों की संख्या कम पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत क्षय रोगियों को गोद लेने की कार्यवाही पूरी की जाये साथ ही यह भी ध्यान रखा जाये कि मरीज के घर के आस-पास के व्यक्ति द्वारा ही उन्हें गोद लिया जाये, तो बेहतर होगा। उन्होंने मण्डल के सभी जनपदों में गोद लेने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों के साथ माह में एक बार बैठक भी की जाये। मण्डलायुक्त ने नवजात बच्चों के टीकाकरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारियों को इस कार्य की मानीटरिंग करते रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाये, यह हम सब की जिम्मेदारी है। मण्डलायुक्त ने कहा कि कुपोषण से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उन्हें कुपोषण से बाहर लाने में उनकी सहायता की जाये। मण्डलायुक्त ने गौशालाओं में भूसा की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते हुए मण्डल के सभी सम्बंधित अधिकारियों को गौशालाओं का लगातार भ्रमण करते



रहने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाये कि गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा की उपलब्धता, पानी, टीन-शेड, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनी रहे। उन्होंने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और क्या प्रयास किये जा सकते है, इसके लिए सभी अधिकारियों को कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा है। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालय में बच्चों की शिक्षा, साफ-सफाई, गुणवत्तायुक्त भोजन, सीसीटीवी कैमरा तथा क्षमता के अनुसार विद्यालय में बच्चों को प्रवेश दिया जाये। उन्होंने विद्यालय में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के लिए कहा है। पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासनादेश के अनुक्रम में लाभार्थियों के खाते में पेंशन पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी पेंशन लाभार्थियों के खातों को आधार नम्बर से जोड़ने की कार्यवाही निर्धारित समय में पूर्ण करा ली जाये। मण्डलायुक्त ने मण्डल में दिव्यांजनों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किये की स्थिति की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारी अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर यथासम्भव अपने जिले में ही बनवाना सुनिश्चित करें। विशेष परिस्थितियों में ही दिव्यांगजनों को दूसरे जिलों के लिए रेफर किया जाये। मण्डलायुक्त ने स्कूल चलों अभियान के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों तथा मण्डल स्तरीय अधिकारियों को स्कूलों में बच्चों के नामांकन की संख्या बढ़ाये जाने के लिए कहा है साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न होने पाये। ग्राम पंचायतों में सचिवालयों के भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में सचिवालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, तत्काल उनकों क्रियाशील करें साथ ही साथ जहां पर अभी निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पर निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालयों में ग्राम प्रधान, सचिव एवं पंचायत सहायक व अन्य सम्बंधित लोग अनिवार्य रूप से बैठे और जनता की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करायें। ग्रामीण पाइप्ड जल योजना में विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन दिए जाने के कार्य में लापरवाही बरते जाने पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी जताते हुए 15 दिनों के अंदर कनेक्शन सम्बंधी कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस जनसुनवाई की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि पोर्टल पर आने वाली सभी शिकायतों का निर्धारित समय के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों के लिए किए जाने वाले भूमि अधिग्रहण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी दरों के निर्धारण में देरी की वजह से भूमि अधिग्रहण का कार्य रूका हुआ है, वहां पर एक सप्ताह के अंदर दरों का निर्धारण जिला प्रशासन द्वारा करा लिया जाना सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज श्री संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी कौशाम्बी श्री सुजीत कुमार, जिलाधिकारी प्रतापगढ डॉ0 नितिन बंसल, सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य विभागों के मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का साक्षात्कार 04 से 06 मई तक

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया विश्वकर्मा श्रम सम्मान का लाभ प्रदान करने के लिए प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार होगा।योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में दर्जी, हलवाई, लोहार व कुम्हार ट्रेडों में 06 दिन के कौशल विकास प्रशिक्षण कराये जाने के सम्बन्ध में चयन हेतु आनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों का साक्षात्कार दिनांक 04 से 06 मई 2022 तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र स्टेडियम रोड प्रतापगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। ट्रेडों से सम्बन्धित हस्तशिल्पी, कारीगर जिन्होने योजनान्तर्गत आनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया है वे अपने मूल दस्तावेजों सहित साक्षात्कार में उपस्थित हो। साक्षात्कार में अनुपस्थित आवेदकों के आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के पटल सहायक के मोबाइल नम्बर 7355191640 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# दस दिवसीय होगा आँवला उत्पाद प्रशिक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित ''एक जनपद एक उत्पाद'' प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद हेतु चिन्हित उत्पाद आंवला के उत्पाद निर्माण व विकास हेतु 10 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण तथा टूलकिट दिये जाने के लिये आवेदकों से आनलाइन प्राप्त पत्रों का साक्षात्कार दिनांक 28 व 30 अप्रैल से गठित चयन समिति के माध्यम से पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र प्रतापगढ़ में सम्पनन होगा। आवेदित समस्त अभ्यर्थी अपने अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार में उपस्थित हो।

# जिला पंचायत सदस्य ने लगाई फांसी मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**बांदा।** जिला पंचायत सदस्य का फांसी के फंदे पर लटकाता मिला संदिग्ध परिस्थितियों में सो शव, पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मृतका का पति फरार, पूरे मामले की पुलिस कर रही जांच, शहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ले की घटना जिले के जसपुरा क्षेत्र से बीजेपी की जिला पंचायत सदस्य श्वेता सिंह गौर ।



# चौपाल लगाकर दी किसानों को जानकारी,बताया योजनाओं का लाभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के अन्तर्गत उद्यान विभाग द्वारा आज जनपद के ग्राम-मुआर अधारगंज, विकास खण्ड-गौरा में चौपाल लगाकर सहायक उद्यान निरीक्षक प्रभारी राज कुमार द्वारा कृषकों उद्यान विभाग की योजनाओं के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। मिशन योजनान्तर्गत लाभार्थी कृषक नागेन्द्र पटेल जिन्हें विभाग द्वारा प्याज बीज उपलब्ध कराया गया था उनके द्वारा किये गये प्याज की खेती का फील्ड विजिट कृषकों को कराया गया। इस अवसर पर जिला उद्यान अिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा द्वारा अन्य कृषकों को भी प्याज की खेती करने एवं विभाग से योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं एच0डी0 पी0ई0 वर्मी बेड से जैविक खाद तैयार करने की विधि बतायी गयी। फल एवं सब्जी की खेती एवं रोगों से बचाव के सम्बंध में तकनीकी जानकारी देते हुए वैज्ञानिक पद्धति से ड्रिप सिस्टम से सिंचाई कर पानी का बचाव के साथ-2 अपनी आय दोगुना करने बावत प्रेरित किया गया।इस क्रम में कृषि विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू कालाकांकर में दिनांक 26 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय किसान मेला, प्रदर्शनी एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में डॉ0 सीमा सिंह राणा जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विभागीय कार्यक्रमों का स्टाल लगवाया गया। साथ-साथ विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए कृषकों को उद्यान विभाग के योजनाओं से अनुमन्य लाभ प्राप्त कर अपनी आय दोगुना करने बावत कृषकों को प्रेरित किया गया। अधिक तापमान के दृष्टिगत नमामि गंगे योजनान्तर्गत आम रोपण की जीवितता देखने एवं उससे बचाव की सलाह देने बावत गंगा के किनारे गांवो में आम के बागों का भ्रमण किया गया तथा अन्य कृषकों को भी आम के बाग लगाने बावत प्रेरित करते हुए तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार सहायक उद्यान निरीक्षक प्रभारी तहसील-लालगंज, सहायक उद्यान निरीक्षक प्रभारी सत्य भान सिंह तहसील-कुण्डा, शिवजी मिश्रा प्रधान चौधरी, अनिल कुमार प्रधान चौधरी एवं शिवशंकर यादव माली उपस्थित रहें। इसके अलावा उद्यान विभाग द्वारा दिनांक 25 अप्रैल को जनपद के ग्राम-चौपई, विकास खण्ड-बाबा बेलखरनाथ धाम में चौपाल लगाकर कृषकों को जनपद में उद्यान विभाग की समस्त संचालित योजनाओं के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उद्यान विभाग के योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के सम्बंध में प्रेरित किया गया, साथ ही चौपाल में उपस्थिति प्रगतिशील कृषक गुरू प्रसाद पाण्डेय के द्वारा टमाटर एवं तरबूज की खेती में ड्रिप सयंत्र लगे हुए एवं घनश्याम पाण्डेय ग्राम-सराय भवानी, विकास खण्ड-बाबा बेलखरनाथ धाम के द्वारा पीला तरबूज विशाला प्रजाति की खेती ड्रिप सयंत्र के माध्यम से किये जाने वाले फील्ड का विजिट कृषकों को कराया गया और राम आशीश सिंह सहायक उद्यान निरीक्षक प्रभारी तहसील-पट्टी प्रतापगढ़ द्वारा कृषकों को ड्रिप सिंचाई पद्धति से जोड़कर कम पानी से अधिक उत्पादन करके अपनी आय दोगुना करने के सम्बंध में विस्तार से बताया गया। कृषकों को चौपाल एवं फील्ड विजिट में हुई जानकारी से बहुत प्रसनन्ता हुई और उद्यान विभाग के कार्यक्रमों से जुड़कर फलों एवं सब्जी की खेती ड्रिप सयंत्र के माध्यम से करने हेतु कहा गया।

# सेंट जेवियर्स मे सीबीएसई की पहले दिन सीसीटीवी कैमरे मे कैद कड़ी निगरानी मे शुरू हुई हाईस्कूल की परीक्षा

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद

**बलिया।** जिले में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा आज बुधवार को प्रारंभ हुई जिसमे पूरे जनपद मे सीबीएसई बोर्ड की 17 विद्यालय को परीक्षा केन्द्र



बनाऐ गये है। इस दरम्यान बोर्ड की परीक्षा केन्द्र बिल्थरारोड तहसील के पिपरौली-बड़ागॉव स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के हाईटेक सीसीटीवी कैमरे मे कैद परीक्षाथिर्यो को कड़ी निगरानी मे परीक्षा से गुजरना पड़ा। हाई स्कूल के परीक्षा के पहले दिन जहा कुल 698 परीक्षार्थियों की संख्या मे 17 छात्र परीक्षा मे अनुपस्थित रहे।सेंट जेवियर्स के प्रिंसिपल डा0जे0आर0 मिश्रा ने बताया कि आज सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल इंग्लिश का पहला पेपर है। जिसमे 17 छात्र अनुपस्थित रहे,कुल 698 छात्रों की संख्या है। सेंट जेवियर्स में एस0वी0डी0 पब्लिक स्कूल जूरनापुर, लिटिल फ्लावर स्कूल किडिहरापुर, ज्ञान कुंज एकेडमी बंशीबाजार का सेंटर है। उन्होंने बताया कि स्कूल में बच्चों की एंट्री नौ से दस बजे के बीच होगी।पेपर 10.30 बजे से12.30 बजे तक होगा। 12वीं का पहला मुख्य पेपर सात मई को केमिस्ट्री का है।परीक्षा से पूर्व एक दिन पहले स्कूल में सिटिंग प्लान कर लिया गया था। हमारे संवाददाता के अनुसार सेंट जेवियर्य मे बुधवार को हाईस्कूल के परीक्षा के पहले दिन स्कूल के परीक्षा प्रवेश द्वार के पूर्वी गेट पर जहा कक्ष निरीक्षक छात्रों का एक-एक करके सघन चेकिंग करके स्कूल के अन्दर प्रवेश करा रहे थे। वही पश्चिमी गेट पर सहायक प्रिंसिपल श्रीमती शीला मिश्रा स्वंय मुस्तैदी के साथ स्कूल की अध्यापिकाओं के संग छात्राओं की गहन निगरानी करके सीधे उनको परीक्षा कक्ष भेजती रही। तदुपरांत परीक्षा के दौरान प्रिंसिपल डा0जे0आर0 मिश्रा व उप प्रधानाचार्या श्रीमती शीला मिश्रा परीक्षा कक्षों मे चक्रमण करते नजर आए। कोविड नियमों का पालन अनिवार्य परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनिग के बाद ही प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा मास्क लगाना भी अनिवार्य है। छात्र-छात्राओं को पानी की बोतल भी लानी होगी। कोरोना से बचाव के मद्देनजर एक कक्षा में 18 छात्र ही परीक्षा दे सकेंगे। पहले एक कक्षा में 24 छात्रों को अनुमति थी। दो गज की दूरी का हर समय पालन करना होगा। 0 बजे के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश सीबीएसई स्कूल मैनेजर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सीबीएसई ने टर्म-2 परीक्षाओं के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। परीक्षा के लिए सेंटर पर प्रवेश नौ बजे से मिलना शुरू हो जाएगा। सुबह 9.45 तक छात्र कक्षा में पहुंच सकेंगे। दस बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी नीली या काली स्याही या जेल पेन का प्रयोग कर सक।

# सांसदों एवं विधायकों के पत्रों पर हो प्रभावी कार्यवाही

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विकास विभाग में सांसदों एवं विधान मण्डल के सदस्यों से प्राप्त पत्रों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद स्तर पर परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को नोडल अधिकारी नामित कर दिया है और निर्देशित किया है कि प्रत्येक त्रैमास की वांछित सूचनायें सम्बन्धित कार्यालय से संकलित कर निर्धारित प्रारूप पर शासन के संसदीय कार्य विभाग के संसदीय शिष्टाचार/पत्राचार कार्यान्वयन अनुभाग (कक्ष संख्या-18 बी0) नवीन भवन, लखनऊ को उपलब कराना सुनिश्चित करें।

# 30अप्रैल को होगी जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संत सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतापगढ़ में सत्र 2022-23 हेतु कक्षा 6 में 80 सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 30 अप्रैल 2022 को होना निर्धारित हैं। इसके लिये प्रवेश पत्र डाउनलोड होना प्रारम्भ हो गये है। परीक्षार्थी अपना-अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपने विद्यालय (जहां परीक्षार्थी कक्षा 5वीं में पढ़ रहा हो) के प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षर तथा स्कूल की मुहर प्रवेश पत्र निर्धारित स्थान पर अनिवार्य रूप से लगवाकर तथा इसकी एक छायाप्रति लेकर अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर समय से पहुँचे। उन्होने बताया है कि अधिक जानकारी हेतु हेल्प डेस्क नम्बर 9473958200, 9598033325, 8004052718 व 9631517766 पर सम्पर्क कर सकते है।

# प्रयागराज के धूमन गंज के मीरा पट्टी ने दो युवकों की हत्या यासिर और सुल्तान नामक युवको की गोली मार कर हत्या

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज ।** पुलिस के मुताबिक यासिर सुल्तान और दो अन्य लोग दीपक के घर आये थे , और प्लाट की रजिस्ट्री कराने को लेकर झगड़ा हुआ तो चारो लोगो ने असलहों से गोली चलाई दीपक ने एक पिस्टल छीन कर फायरिंग की जो यासिर और सुल्तान को लगी पुलिस ने दीपक को गिरफ्तार कर लिया और 2 तमंचा और दो पिस्टल बरामद कर ली। धूमन गंज के कसारी में रहने वाले यासिर और सुल्तान दीपक नामक शख्स के घर आये थे तभी किसी विवाद को लेकर हुई थी फायरिंग , दोनो की मौत पुलिस घटना स्थल पर मौजूद हत्या किसने और किस कारण से की गई इस पर अभी संशय। प्रयागराज धूमनगंज थाना क्षेत्र के मीरापट्टी इलाके बुधवार दो लोग को गोली मारी गयी। हमलावर इन्हें खून से लथपथ छोड़ गए। उन्हें तुरंत स्वरूपरानी अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गयी। सूचना के बाद पुलिस और फ़ोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम जांच पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है की मीरापट्टी के ही रहने वाले यासीर और सुल्तान किसी काम से दीपक विश्कर्मा के घर आये थे। जहां विवाद के बाद उन्हें गोली मार दी गई। फायरिंग से आसपास भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही देर में हमलावर फरार हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने दो लोगों को खून से लथपथ पाया। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया।



# प्रधान रहे माँ-बेटे की मनमानी, किसान की भूमिधरी पर बनवाया पंचायत भवन

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर के तेलियाही गाँव में प्रधान की मनमानी और दबंगई से किसानों और गरीबों को नुकसान हो रहा है। दबंगई से किसान की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।इस गाँव के हरीश चंद्र एवं गिरीश चंद्र पुत्र प्रकाश चंद्र का आरोप है कि उनकी भूमिधरी जमीन पर वर्तमान प्रधान माजिद खान की माँ रैफुल निशा जो इसके पहले प्रधान थी जबरन पंचायत भवन बनवा लीं। न तो उन्होंने हरिश्चंद्र और गिरीश चंद्र से सहमति ली और न ही उनकी जमीन का कोई मुआवजा दिया जबरन उनकी जमीन पर पंचायत भवन बनवा लिया।जब उन्होंने एस0डी0एम0लालगंज को प्रार्थना पत्र दिया तो जाँच के बाद भी यह सही पाया गया कि उनकी जमीन पर पंचायत भवन की बाउंड्री वाल बनवाई गई है।इस तरह की दबंगई से पीडित भयभीत हैं।साथ ही उनका नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई भी ग्राम पंचायत या शासन द्वारा नहीं की गई है।पीडित पक्ष का कहना है कि वर्तमान प्रधान माजिद खान से जब इस बारे में कहा गया तो उन्होंने कहा कि जो कुछ करना हो जाओ कर लो इसमें कुछ नहीं हो सकता है।पीडित पक्ष के अनुसार वे लोग कम संख्या में इस गाँव में हैं जिससे माजिद खान अपनी दबंगई से हमेशा मनमानी करता रहता है।यही कारण है उन जैसे लोगों के लिए इस गाँव में रहना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस ग्राम पंचायत भवन को यहाँ बनवाया गया है उसमें न तो ग्राम विकास अधिकारी बैठता है और न ही ग्राम प्रधान महोदय इसमें बैठते हैं।उनको ढूँढने के लिए गाँव वालों को दर बदर भटकना पड़ता है।यही कारण है कि जन्म प्रमाण पत्र हो या मृत्यु प्रमाण पत्र पेंशन हो या आवासीय शौचालय शासन की योजनाओं का लाभ पाने के लिए ग्रामीणों को ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी को चिराग लेकर ढूँढ़ना ढूँढना पड़ता है। शासन के निर्देशानुसार हर ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी को पंचायत भवन में प्रतिदिन बैठना है जिससे कि वह ग्रामीणों की समस्या को सुनकर उसका हल कर सके और शासन की योजनाओं को क्रियान्वित कर सके।इस ग्राम के ग्रामीण अपने ग्राम विकास अधिकारी का न तो नाम जानते हैं न ही उनको पहचानते हैं।फिलहाल इस ग्राम पंचायत में प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# अज्ञात ट्रेन से गिरे पैसेन्जर को भेजा गया अस्पताल

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर (प्रयागराज)।** सराय अब्दुलमलिक गांव के सामने सरैया



मोड के पास बीती रात अज्ञात समय में अज्ञात ट्रेन से गिरे व्यक्ति को सुबह शौच हेतु निकले ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया अचेत अवस्था में होने के कारण बोल नहीं पा रहा था पास से मिली आईडी के अनुसार सिराजुद्दीन उम्र 44 वर्ष पुत्र मोइनुद्दीन निवासी नई बाजार बक्सर बिहार किसी ट्रेन से कहीं जा रहा था तभी फिसल कर गिर गया होगा। सूचना पीआरबी 112 को मिली तो उन्होंने एंबुलेंस 108 को सूचित किया पायलट संदीप यादव ईएमटी संदीप ने घायल को सीएचसी फूलपुर पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया।

# ज़िले के सभी ब्लाको एवं कॉमन सर्विस सेंटर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी द्वारा किसानो से किया गया संवाद का सीधा प्रसारण दिखाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिंता पाण्डेय

**सोनभद्र।** आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत 25 अप्रेल से 1 मई तक ज़िले भर में किसान सभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 27 अप्रैल को केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के द्वारा किसानों से संवाद किया गया, सीएससी के जिला प्रबन्धक श्री आशीष पांडेय और अभय कुमार गोंड ने बताया कि कृषि विभाग के सहयोग से सोनभद्र ज़िले के सभी 8 ब्लाको और जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक खंड कृषि विकास अधिकारी के उपस्थिति में सदर ब्लॉक सभागार में हुआ जिसमें 100 से ज्यादा किसानों को केंद्रीय मंत्री जी का सीधा प्रसारण दिखाया गया, एवं 500 से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर पर किसान को बुलाकर उन्हें माननीय कृषि मंत्री जी संवाद का प्रसारण सीएससी सेंटर पर कराया गया, और किसानों को सरकार की योजनाओं पीएम किसान सम्मान निधि, किसान मानधन योजना, किसान केवाईसी, फसल बीमा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। सीएससी जिला प्रबंधक श्री पांडेय ने बताया की किसानों के लिए इन योजनाओं में पंजीकरण के लिए वो अपने नज़दीकी सीएससी केन्द्र पर सभी सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। साथ ही श्री पांडेय ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत जनपद में मेरा गांव मेरा धरोहर के लिए सर्वेक्षण के कार्य प्राम्भ होने वाला है इस क्रम में सीएससी संचालकों का सर्वे हेतु मोबाइल एप्प प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय सभागार में दिनांक 28 अप्रैल 2022 समय प्रातः 10:00 बजे से होना सुनिश्चित है, जिसमे जनपद सोनभद्र के सभी वीएलई प्रतिभाग करें।



# घर व जंगल में लगी आग, लाखों की क्षति

**मीरजापुर ।** जनपद में अगलगी की घटनाएं कम होने के बजाए दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। बुधवार को हलिया के कैमूर पहाड़ पर स्थित जंगल में धधकती रही आग, लेकिन वन विभाग सोता रहा। बबुरा रघुनाथ गांव में गैस सिलेंडर फटने से घर में लगी आग से पूरी गृहस्थी राख हो गई। राजगढ़ में कच्चे मकान में लगी आग से गृहस्थी राख होने के साथ तीन भैंस जलकर मर गई। वही पटेहरा के रैकल गांव में आग से 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों संग फायर कर्मियों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हलिया : ड्रमंडगंज वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह वनक्षेत्र के कैमूर पहाड़ पर मंगलवार की देर शाम लगी आग धीरे धीरे विकराल रूप धारण कर दो किमी के दायरे में फैल गई है। रात भर कैमूर पहाड़ धधकता रहा, लेकिन वनविभाग आग लगने की खबर से अनजान बना रहा। दूसरे दिन सुबह वनविभाग की नींद खुली तो आग बुझाने के लिए जंगल में पहुंच गई, लेकिन पहाड़ के ऊपरी हिस्सों में भीषण आग लगने तथा तेज हवाओं के चलते आग बुझाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक वनकर्मियों द्वारा जंगलों में गश्त नहीं किए जाने से शहद निकालने वालों द्वारा मधुमक्खियों को भगाने के लिए धुआं सुलगाने से आग लग जाती है, संभवतः आग उसी से जंगलों में फैली है। डीएफओ पीएस त्रिपाठी ने बताया कि ड्रमंडगंज वनरेंज के कैमूर पहाड़ पर लगी आग पर काबू पाने के लिए एसडीओ प्रोमिला उरांव के नेतृत्व में टीम भेजी गई है। गैस सिलेंडर फटने से तीन घरों में लगी आग गड़बड़ाधाम : हलिया क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह मोहल्ला सगहा के हरिजन बस्ती में गैस सिलेंडर फटने से तीन घरों में आग लग गई। बस्ती निवासी जगजीवन की पतनी सुधा देवी सुबह खाना बना रही थी। इसी दौरान सिलेंडर ब्लास्ट करने से घर का छप्पर उड़ गया। तेज हवा चलने की वजह से नंगू व जगदीश हरिजन के भी घर में आग लगने से लाखों की संपत्ति खाक हो गई। ग्राम प्रधान पति मोनू सिंह ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। राजगढ़ : क्षेत्र के सेमरा बरहो के बनशट्टी गांव के लाल बहादुर के घर में लगी आग से गृहस्थी संग सारा सामान राख हो गया। घर के बाहर रखे पुआल के भूसे में आग लगने से तीन भैंस भी जलकर मर गई। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश सिंह पीड़ित लालबहादुर को खाने पीने के लिए अनाज की व्यवस्था कराई। पटेहरा : लालगंज क्षेत्र के रैकल गांव निवासी कामता प्रसाद के खेत में अचानक आग की तेज लपटें उठी तो बुझाने के लिए ग्रामीण दौड़ पड़े। आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। एसडीएम मड़िहान सिद्धार्थ यादव के प्रयास से रोस्टिंग में कटी बिजली चलवाई गई फिर भी प्रयास विफल रहा। आग इस कदर फैली कि बगल के हौशिला प्रसाद व विध्यवासिनी प्रसाद के खेत की फसल भी जलने लगी। इस दौरान लगभग 25 बीघा गेहूं की फसल राख हो गई।



# तापमान फिर पहुंचा 43 डिग्री, बिलबिलाए लोग

**सोनभद्र ।** चिलचिलाती धूप और गर्म हवा ने अप्रैल से ही जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। बुधवार को अधिकतम पारा 43 डिग्री व न्यूनतम पारा 24 डिग्री दर्ज किया गया। दोपहर के वक्त सूरज की तपिश इस कदर रही कि लोग झुलस जाए। घर से बाहर निकलते वक्त भट्ठी की आग की तरह तपन महसूस हो रही थी। दोपहर के वक्त बाजारों में पूरी तरह से सननटा पसरा रहा। तपन का आलम यह रहा कि शाम तक गर्म हवाओं के झोंके आमजन को झुलसा रहा था। बुधवार की सुबह से ही सूरज के तेवर तीखे रहे। इससे सूरज निकलने के साथ ही तेज तपन शुरू हो गई। बिजली कटौती होने से दोपहर गुजारना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग तापमान बढ़ने से काफी परेशान रहे। दिन चढ़ने के साथ तापमान में तेजी आती चली गई। सुबह साढ़े दस बजे ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया था। दोपहर में यह 43 डिग्री तक जा पहुंचा, जो इस सीजन का सर्वाधिक तापमान है। गर्मी का आलम यह रहा कि दोपहर के वक्त राबर्ट्सगंज मेन बाजार में सननटा पसरा रहा। आवश्यक काम होने पर ही लोग घरों से निकले। अधिकांश ने घर में ही रहना बेहतर समझा।



# जिले में लगेंगे 1804 नए ट्रांसफार्मर लो वोल्टेज से मिलेगी निजात

**सोनभद्र ।** जिले के लोगों को जल्द ही ओवरलोड, आए दिन होने वाली ट्रिपिंग आदि की समस्या से निजात मिलेगी। विभाग ने लो वोल्टेज समेत अन्य समस्याओं से उपभोक्ताओं को निजात दिलाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। इसके तहत जिले में 1804 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इन ट्रांसफार्मरों के लगने से अन्य ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड की समस्या खत्म होगी। यह ट्रांसफार्मर 10 केवीए से लेकर 400 केवीए तक के होंगे। इसी तरह विद्युत वितरण खंड ने कम क्षमता वाले 1462 ट्रांसफर के क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया है। विभाग 11 केवी लाइनों का 167 किलोमीटर तार भी बदलने की तैयारी में जुटा हुआ है। इस स्वीकृत मिलने के बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों के वर्षों पुराने जर्जर विद्युत तार बदले जाएंगे। यह पूर्व में ही चिन्हित किया जा चुका है कि कहां-कहां के विद्युत तार जर्जर हो गए हैं। नए तार लगने से अक्सर तार टूटकर गिरने व उससे होने वाली हानि से लोगों को निजात मिलेगी। यदि शासन से विद्युत विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली तो जल्द ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। इससे क्षेत्र में ओवरलोड की समस्या के अलावा आए दिन हो रही ट्रिपिंग, टूटकर गिर रहे जर्जर तारों, उससे होने वाली दुर्घटनाओं से लोगों को निजात मिलेगी। इस संबंध में विद्युत वितरण खंड राबर्ट्सगंज के अधिशासी अभियंता एसके सिंह का कहना है कि विभाग विभागीय स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है।

# मारवाड़ी युवा मंच ने कराया रक्तदान शिविर का आयोजन

## ब्लड बैंक सोनभद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में 22लोगो ने कराया रजिस्ट्रेशन

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिन्ता पान्डेय

**सोनभद्र।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा पूरे देश भर में रक्तदान अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मारवाड़ी युवा मंच सोनभद्र द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंच के शाखा अध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने बताया की हर वर्ष मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और जरूरतमंदों की मदद की जाती है। उन्होने कहा कि सभी को आगे बढ़ कर रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तकोष में निरंतर रूप से रक्त की आवश्यकता पड़ती रहती है। वही मंच के शाखा सचिव शिखर केडिया ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक रक्तदान अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पूरे देश भर में 365 दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सत्र 2022- 23 में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा पूरे राष्ट्र में 1 हजार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें की कुल 75000 यूनिट रक्तदान कराया जाना है। कार्यक्रम के संयोजक तरुण केडिया ने बताया कि अमृत रक्तदान महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को मारवाड़ी युवा मंच सोनभद्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कि 22 रजिस्ट्रेशन किए गए और उसमें से 10 यूनिट रक्तदान किया गया। मारवाड़ी युवा मंच ने सभी नगर वासियों से अपील किया है कि जिस प्रकार इस वर्ष रक्तदान किया गया। उसी प्रकार प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर में अपना योगदान दें एवं दूसरो को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित करे। मंच के पूर्व अध्यक्ष पंकज कनोडिया ने सफल कार्यक्रम हेतु सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग आगे भी इसी तरह समाज में कार्य करते रहे। आयोजित रक्तदान शिविर में विजय शंकर शुक्ला (प्रधान), शिखर केडिया, राकेश जलान, संदीप त्रिपाठी, पंकज कनोडिया, रवि शंकर सराफ, संजय कुमार अग्रवाल संजय कुमार सिंह, तरुण केडिया, हर्षित चौधरी रक्तदान किया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक विमल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप खेतान, सोनी गुप्ता सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



# शहर में अतिक्रमण से ध्वस्त हो गई यातायात व्यवस्था

**मीरजापुर ।** शहर की सड़कें लगातार अतिक्रमण की चपेट में आ रही हैं। मुख्य सड़क हो या अन्य सड़क लगातार अतिक्रमण की वजह से सड़कों की चौड़ाई कम होती जा रही है। कई व्यापारी अपनी दुकानों का सामान सड़क किनारे रख लेते हैं तो कई लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे यातायात में परेशानी होती है। मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। शहर में फैल रहे अतिक्रमण से पता नहीं कब मुक्ति मिलेगी। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से अतिक्रमण हटाने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है। कलेक्ट्रेट, कचहरी, वासलीगंज, घंटाघर, बसनही बाजार, त्रिमुहानी, गणेशगंज, टटहाई रोड, रोडवेज, स्टेशन रोड, संगमोहाल व इसके आसपास रोजाना जाम लगता है। अगर फंस गए तो फंसे रहिए। दैनिक जागरण ने फुटपाथ हमारा है.. अभियान चलाकर लोगों की आवाज उठाई तो करीब एक साल पूर्व नगर पालिका ने कलेक्ट्रेट व कचहरी मार्ग को नो वेंडिग जोन घोषित कर दिया। यहां तक कि कचहरी रोड के दीवार पर पेंटिग भी कराई गई। स्वच्छता के संदेश के साथ वाहन खड़ा करने पर जुर्माना लगेगा.. यह भी लिखा गया है, जहां भी यह लिखा है लोग वहीं वाहन खड़ी करते हैं और करें भी क्यों न क्योंकि शहर में कहीं भी वाहन पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है। नगर पालिका ने जब नो वेंडिग जोन बनाया तो कुछ हद तक स्थिति सुधरी। कचहरी मार्ग पर जाम से मुक्ति भी मिली, लेकिन कुछ माह बाद ही अतिक्रमण हटाओ अभियान औंधे मुंह गिर गई। इन सारी समस्याओं की जड़ है- पार्किंग व्यवस्था न होना। वेंडिग जोन नहीं होना। बिना वेंडिग जोन बनाए अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को हटाना जायज नहीं है। वे लोग भी चाहते हैं कि शहर जाम मुक्त और अतिक्रमण मुक्त हो। वर्जन पूर्व में अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई थी, मगर फिर से कुछ लोग अतिक्रमण कर रहे हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान फिर शुरू किया जाएगा। सभी को तत्काल अतिक्रमण हटाने को कहा गया है क्योंकि अभियान के दौरान जहां भी अतिक्रमण पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई होगी। - ओमप्रकाश, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मीरजापुर। सड़क किनारे अतिक्रमण होने से परेशानी तो होती ही है, यातायात व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। प्रशासन व नगर पालिका को चाहिए कि पटरी व्यावसाइयों के लिए अलग से व्यवस्था की जाए। अपूर्वा पाल। अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका की ओर से अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ता। अभियान खत्म होते ही व्यवस्था फिर जस की तस हो जाती है।



# प्यासे राहगीरों व नगर वासियों के लिए डाला नवनिर्माण सेना ने लगवाए प्याऊ

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरी

**डाला(सोनभद्र) ।** आज बुधवार सुबह कड़कती धूप और भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों व नगरवासियों की प्यास बुझाने हेतु डाला नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में विभिन्न स्थानों पे मिट्टी के घड़े व प्याऊ लगवाए गए। डाला नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अंशु पटेल ने बताया कि इस भीषण गर्मी और धूप में जहां एक तरफ जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगों से दोपहर की धूप में बाहर ना निकलने की अपील की जा रही है वहीं समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा ऐसा भी है जो अपने रोजगार यापन व रोजमर्रा के काम काज के चलते कड़ी धूप में भी बाहर निकलने और मेहनत भरे काम करने को मजबूर हैं,ऐसे में समाज के इन सभी मेहनती लोगों के लिए हम ज्यादा कुछ तो नहीं कर पाते किंतु इस बेहोश कर देने वाली धूप में उनकी प्यास बुझाने का एक छोटा सा प्रयास तो कर ही सकते हैं। और कहा कि डाला नवनिर्माण सेना सदा ही समाज के ऐसे मेहनती और खुद्दार तबके के प्रति मददगार और समर्पित रही है और सदा रहेगी। इस दौरान नवनिर्माण सेना के संरक्षक छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अनिकेत श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन द्वारा स्थानीय शहीद स्थल के पास,लाल बत्ती टैंपो स्टैंड पे,सेक्टर बी तिराहे के पास,अंसारी चक्की मोड़ पर और पंजाब नेशनल बैंक पे ठंडे पानी हेतु पानी के घड़े रखवाए गए हैं। इस दौरान समाजसेवी इब्राहिम इदरसी,समाजसेवी गोविंद भारद्वाज,अवनीश पांडे,मोहित पाठक,यासिफ,सलीम,अमित सिंह,संजय गुप्ता,विनोद चौधरी,राकेश पासवान,अर्जुन,आदि मौजूद रहे।





# दूसरे कार्यकाल में नई विकास गाथा लिखेगी योगी सरकार : भूपेंद्र चौधरी

**मीरजापुर ।** भाजपा केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग की ओर से आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे दिन का समापन सत्र बुधवार को विंध्याचल रोड स्थित एक लाज में संपन्न हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राजमंत्री भूपेंद्र चौधरी का स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर स्वागत-अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि योगी सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूर्ण कर दूसरी बार सरकार बना चुकी है। अब सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में नई विकास गाथा लिखेगी। योगी सरकार तेज गति से कदम बढ़ा रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर कानून व्यवस्था के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कार्यों को नई दिशा दी जा रही है। भारत वैश्विक परिश्य विषय पर प्रकाश डाला। कहा कि दुनिया के साथ भारत का जुड़ाव मूलतः आर्थिक विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण राजनीतिक नेतृत्व के कारण संभव हुआ है। भारतीय प्रशासन समझ गया है कि घरेलू उद्देश्यों को हासिल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ जुड़ाव की आवश्यकता होगी। मंदिर व मस्जिदों से उतारे गए लाउडस्पीक मंदिर व मस्जिदों सेइस दौरान प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अनामिका चौधरी, नगर विधायक रतनकर मिश्र, मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधान परिषद सदस्य मीरजापुर-सोनभद्र श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कननैजिया आदि थे।



# विश्व भर में भारत की कृषि का डंका बजा रहे किसान : नरेन्द्र तोमर

**मीरजापुर ।** पिपराडाड़ स्थित कृषि भवन पर सीएससी, फसल बीमा एवं कृषि विभाग के सहयोग से बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत किसान भागीदारी, प्राथमिकता हमारी अभियान के अंतर्गत फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण जनपद के 700 कामन सर्विस सेंटर व सभी ब्लाक मुख्यालयों पर किया गया। इसमें नौ हजार से ज्यादा किसानों ने प्रतिभाग किया। नई दिल्ली से वेबिनार के माध्यम से कृषि एवं कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने उड़ीसा, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश व आसाम के किसानों से संवाद कर प्रधानमंत्री फसल बीमा के बारे में विस्तृत जानकारी ली। कृषि मंत्री ने कहा कि आज विश्व भर में भारत की कृषि का डंका बजा रहे हैं किसान। बोले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से ही कृषि क्षेत्र में नए अनुसंधान हो रहे हैं, जिसका प्रयोग कर किसान अपनी आय में निरंतर वृद्धि कर रहे हैं और विश्व भर में भारत की कृषि का डंका बजा रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी योजना है। किसानों को फसल बीमा अवश्य कराना चाहिए। इससे खेती में आकस्मिक वर्षा, बाढ़ व ओलावृष्टि से नुकसान होने पर फसल बीमा कराने पर किसानों को सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के फसलों का सुरक्षा कवच है। फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना अनिवार्य है। केसीसी के माध्यम से किसानों का स्वतः बीमा कर दिया जाता है। कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए नजदीकी जनसेवा केंद्र से ई-केवाइसी अवश्य करा लें। उप कृषि निदेशक अशोक उपाध्याय ने बताया कि 24 अप्रैल से एक मई तक जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसान क्रेडिट कार्ड व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का कैंप लगाया जा रहा है। कैंप में किसान केसीसी कार्ड बनवा सकते हैं और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवाईसी करा सकते हैं। कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक विध्याचल मंडल एके सिंह, जिला प्रबंधक एचडीएफसी विनय यादव, जिला प्रबंधक कामन सर्विस सेंटर रामेंद्र शुक्ला आदि थे।

# बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन उपभोक्ताओं के सब्र का टूटा बांध

**मीरजापुर ।** गर्मी के मौसम में अघोषित बिजली कटौती के चलते लोगों के सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बुधवार को लहंगपुर में प्रदर्शन किया तो कछवां के उपकेंद्र में घुसकर आक्रोश जताया। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजली कर्मचारी मनमाने तरीके से विद्युत कटौती कर रहे हैं। घरों में रहना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। रात में सो नहीं पा रहे है वही छोटे-छोटे बच्चे गर्मी से परेशान हो रहे है। चेतावनी दी कि जल्द कटौती पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आंदोलन तेज करने को बाध्य होंगे। लालगंज : क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती के चलते लोग परेशान हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने बिजली समस्या पर अपना दुखड़ा रोते हुए लहंगपुर ओवरब्रिज के पास प्रदर्शन कर डीएम से अविलंब विद्युत दु?र्व्यवस्था ठीक कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि लहंगपुर पावर हाउस से महीनों से बिजली कटौती की जा रही है। भाजपा नेता महेंद्र चौबे, अंबुज शुक्ला एडवोकेट, अवधेश दुबे ,जज्जू दुबे , सिप्पी तिवारी,डा. द्वारिका प्रसाद मिश्र आदि ने बताया कि लहंगपुर पावर हाऊस से जुड़े डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में रात दिन मिलाकर मूश्किल से 7 से 8 घंटे बिजली मिल रही है। गर्मी के चलते रात में सो पाना मुश्किल है। योगी सरकार 20 घंटे बिजली देने का दावा करती है वहीं विभाग के लापरवाह अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों का मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। आरोप लगाया कि क्षेत्रीय विधायक राहुल प्रकाश लोगों का फोन भी रिसीव नहीं करते। विद्युत उपकेंद्र पर हंगामा कछवां में बिजली कटौती को लेकर लोगों ने विद्युत उपकेंद्र पर हंगामा किया।क्षेत्र के संजू पांडेय, मनू उमर, जावेद आलम, विनित विक्टर, राजन केशरी, अंकुर रस्तोगी आदि ने मनमानी बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। जेई उमेश कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रदेश भर में बिजली की समस्या है। पड़री मेंअघोषित कटौती ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दी है। बिजली की आंख मिचौली का खेल दिनभर चलता रहता है। पेयजल समस्या के साथ मच्छरों का प्रकोप भी जारी हैं।




# सुनील गावस्कर ने इस खिलाड़ी को इंग्लैंड ले जाने की कही बात कहा- खेलेगा नहीं लेकिन साथ रहेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने पिछले कुछ सालों में गेंदबाजों की अच्छी फौज तैयार कर ली है। मौजदा वक्त में टीम के पास मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव जैसे गेंदबाज हैं। अब इस कड़ी में एक और नाम जुड़ चुका है। इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेल रहे उमरान मलिक ने सबको अपनी तेज रफ्तार से प्रभावित किया है। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा, ठअब जो उनके लिए अगली चीज है, मुझे लगता है वो भारतीय टीम होगी। उनको प्लेइंग इलेवन में शायद जगह नहीं मिले क्योंकि हमारे पास मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव हैं। तो इसी वजह से वह शायद ना खेल पाएं लेकिन गुरूप के साथ यात्रा करना, रोहित शर्मा, विराट कोहली, के साथ ड्रेसिंग रूम को शेयर करना बड़ा होगा। बस देखिए कि आगे उनके साथ क्या होता है। उमरान ने गुजरात के खिलाफ गुरुवार को हुए मुकाबले में 4 ओवर में 25 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। मैच में उनकी टीम सनराइजर्स भले ही हार गई लेकिन फिर भी प्लेयर आफ द मैच उमरान को ही चुना गया। आइपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट में टीम की हार के बाद भी यह अवार्ड पाना बड़ी उपलब्धि है। गावस्कर ने आगे कहा, उनको भारतीय टीम को अपने साथ इंग्लैंड ले जाना चाहिए, जब टीम वहीं पर एक मात्र बचा हुआ टेस्ट मैच खेले इसके बाद वनडे और टी20 सीरीज के लिए साथ रखे।गावस्कर और केविन पीटरसन के बीच गुजरात और हैदराबाद के बीच हुए मुकाबले के दौरान कमेंट्री करते हुए उमरान पर बात हुई। उनका रफ्तार और विशुद्घता पर बात करते हुए उन्होंने कहा, ठदेखिए विशुद्घता, हां, रफ्तार तो उनके पास है लेकिन जब आप उस तेज रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं तो गेंद इधर उधर जा सकती है लेकिन वह एक दम से सटीक गेंद डालते हैं हर बार।



# गुजरात की रोमांचक जीत के बाद बदली अंक तालिका, दूसरे स्थान पर फिसली राजस्थान

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में लगभग सभी टीमों ने 8 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। 10 टीमों के बीच चल रही एक ट्राफी पाने की जंग अब धीरे धीरे और भी रोमांचक हो रही है। अब टाप चार की तस्वीर थोड़ी थोड़ी साफ होती नजर आ रही है। सभी टीमों के जीत का खाता खुल चुका है लेकिन मुंबई को अब तक पहली जीत का इंतजार है। बुधवार को रोमांचक जीत के साथ गुजरात ने एक बार फिर से अंक तालिका में टाप पोजिशन पर कब्जा जमा लिया। हैदराबाद के खिलाफ टीम को मिली जीत 8 मैचों में 7 सातवीं कामयाबी थी और अब हार्दिक पांड्या की टीम के 14 अंक हो गए हैं। राजस्थान की टीम के पास इतने ही मैच के बाद 6 जीत के 12 अंक है और टीम दूसरे नंबर पर है। गुजरात से हार के बाद भी हैदराबाद की टीम तीसरे स्थान पर बनी हुआ है। इसके खाते में 8 मैच के बाद 5 जीत से 10 अंक हैं। केएल राहुल की कप्तानी वाली नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स 8 मैच के बाद 5 जीत से 10 अंक लेकर चौथे स्थान पर बनी हुई है। राजस्थान से हार के बाद भी बैंगलोर की टीम अंतिम पांच टीम में बनी हुई है। उसके खाते में 9 मैच के बाद कुल 5 जीत से 10 अंक हैं। पंजाब ने चेन्नई के खिलाफ मैच जीतकर छठे स्ठान पर जगह बनाई। फिलहाल इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली की टीम इसके बाद सातवें स्थान पर आती है जिसने 7 मैच खेलने के बाद महज 3 जीत दर्ज की है। लगातार चार हार झेल चुकी कोलकाता की टीम इस समय अंक तालिका में आठवें नंबर पर है। 9वें और 10वें नंबर पर क्रमशः चेनन्ई और मुंबई की टीम है, जो अब तक पहली जीत का इंतजार कर रही है। मुंबई अब तक लगातार 8 मैच हार चुकी है।



# एशिया कप के कार्यक्रम का हुआ एलान


**नई दिल्ली।** मेंस एशिया कप हाकी के कार्यक्रम का एलान कर दिया गया है। 23 मई से जकार्ता, इंडोनेशिया में शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट के पहले मैच में ही जबरदस्त रोमांच देखने को मिलेगा क्योंकि ओपनिंग मैच में ही भारत का सामना अपने चिर प्रतिद्वंदी टीम पाकिस्तान के साथ होगा। एशिया कप का ये 11वां एडिशन होगा। कोरिया की टीम को जगह दी गई है। भारत की बात करें तो टीम की नजर चौथे एशिया कप टाइटल जीतने पर होगी। 2017 में टीम ने बिना एक भी मैच गंवाए अपना तीसरा एशिया कप खिताब जीता था। उस वक्त भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान और जापान के साथ पुल ए में था। भारत ने ये कप 2003, 2007 और 2017 में जीता है।



इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 1 जून को खेला जाएगा। आठ टीमों के बीच एशिया कप चैंपियन बनने की इस जंग का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 8 टीमों को दो पुल में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान की टीम को पुल ए में जगह मिली है। इस पुल में इन दो टीमों के अलावा जापान और होस्ट नेशन इंडोनेशिया की टीम है। दूसरे पुल की बात करें तो इसमें बांग्लादेश, मलेशिया, ओमान और दक्षिण कोरिया ... पाकिस्तान की बात करें तो उसने 1982, 1985 और 1989 में ये कप अपने नाम किया था। सबसे ज्यादा बार ये कप दक्षिण कोरिया ने जीता है। उन्होंने 1994, 1999, 2009 और 2013 में इस कप को जीता है। भारत यदि इस बार कप जीतने में कामयाब रहता है तो वे इस टीम की बराबरी कर लेंगे। टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम का हौंसला बुलंद है।

# कोलकाता के खिलाफ जीत मुश्किल मुकाबला, कैसी होगी दिल्ली की प्लेइंग इलेवन

नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। इंडियन प्रीमियर लीग के 41वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की टीम के सामने आज शाम कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम होगी। दोनों टीमों की टक्कर का इंतजार हर किसी को है क्योंकि रिषभ पंत और श्रेयस अय्यर कभी दोनों एक ही टीम का हिस्सा थे। पहले मैच में दिल्ली ने कोलकाता को मात दी थी और सीजन में स्कोर 2-0 करने के इरादे से टीम उतरेगी दिल्ली की टीम के लिए अब तक डेविड वार्नर और पृथ्वी शा की जोड़ी ने धमाकेदार ओपनिंग की है। दोनों ही बल्लेबाज ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे हैं और लगातार टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं। वार्नर अब तक तीन लगातार फिफ्टी जड़ चुके हैं जबकि पृथ्वी ने दो अर्धशतक जमाया है। इस सीजन में इन्हीं दो बल्लेबाजों ने टीम की तरफ से हाफ सेंचुरी लगाई है। दमदार शुरुआत के बाद भी दिल्ली की टीम को हार मिलने की वजह है उसके मिडिल आर्डर का ना चलना। कप्तान रिषभ पंत को इस मैच में बड़ी पारी खेलनी होगी वहीं रोवमेन पावेल और ललित यादव से टीम मैच फिनिश करना होगा।




पिछले मैच में पावेल ने मैच को दिल्ली की तरफ मोड़ दिया था लेकिन नो बाल विवाद की वजह से मैच टीम के हाथ के निकल गया। मिचेल मार्श की वापसी टीम के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। इस सीजन में स्पिनर कुलदीप यादव ने कमाल की गेंदबाजी की है। दिल्ली की टीम को अनुभवी मुस्ताफिजुर रहमान और खलील अहमद से बेहतर गेंदबाजी की उम्मीद रहेगी। शार्दुल ठाकुर भी टीम के लिए तेज गेंदबाजी में मौजूद हैं। पृथ्वी शॉ, डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, रिषभ पंत (कप्तान), रोवमैन पॉवेल, ललित यादव, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मुस्ताफिजुर रहमान/एनरिक नॉर्टजे, खलील अहमद।

# हार्दिक पांड्या का खुलासा, हैदराबाद के खिलाफ आखिरी ओवर में करने वाले थे ये काम, कोच आशीष नेहरा रोका

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में खेलने उतरी टूर्नामेंट की नई टीम गुजरात टाइटंस ने धमाकेदार खेल दिखाया है। पहले 8 में से 7 मैच जीत कर टीम ने 14 अंक हासिल कर प्लेआफ की दावेदार मजबूत कर ली। गुरुवार को टीम ने बेहद रोमांचक मुकाबले में आखिरी ओवर में चार छक्के के दम पर हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल की। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी गेंद पर छक्का लगा हैदराबाद के खिलाफ गुजरात ने जीत दर्ज की। राशिद खान और राहुल तेवतिया से आइपीएल की आधिकारिक साइट पर बात करते हुए कप्तान हार्दिक पांड्या ने बताया आखिरी ओवर के दौरान उनके और हेड कोच आशीष नेहरा के बीच क्या बात हुई। हार्दिक ने कहा, ठअब मैं मुकाबलों को दोनों पक्ष की तरफ से देखने लगा हूं, ना तो बहुत ज्यादा खुश होता हूं और ना ही हद से ज्यादा दुखी क्योंकि मेरा जो बर्ताव होगा वही डरआउट में भी सबके उपर असर डालेगा। लेकिन इन सभी मुकाबलों के दौरान मैं और आशु पा (आशीष नेहरा) इस बात को सोच रहे थे कि मैच बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता जा रहा है।ठ ठमैं तो सुपर ओवर के लिए तैयार हो रहा था लेकिन आशु भाई ने मुझे कहा, रुक जाओ अभी, हम मैच को जरूर ही खत्म करने वाले हैं। आपने (राहुल तेवतिया) ने थाई पैड को वापस भेजा और मुझे लगा ये लोग तो अब सुपर ओवर के लिए जाने वाले हैं।



# लगातार 5वीं हार से बचने के लिए कोलकाता उतार सकती है ये प्लेइंग इलेवन



**नई दिल्ली।**इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के 41वें मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होने जा रहा है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दोनों टीमें इस सीजन दूसरी बार आमने सामने होंगी। पिछली मुकाबले में दिल्ली ने 44 रन की बड़ी जीत हासिल की थी। आज के मुकाबले में टीम का इरादा इस हार का बदला चुकता करने के साथ जीत की पटरी पर लौटने का होगा। कोलकाता की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है। दिल्ली सात मैचों में तीन जीत से अंक तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि केकेआर ने अपने पिछले चार मैच गंवाए हैं और वह आठवें स्थान पर है कोलकाता की टीम इस सीजन में ओपनिंग जोड़ी को लेकर लगातार प्रयोग करती नजर आई है। अजिंक्य रहाणे, आरोन फिंच, वेंकटेश अय्यर, सुनील नरेन और सैम बिलिंग्स को टीम ने आजमाया है। बेहतर शुरुआत के लिए कोलकाता को एक स्थाई जोड़ी के साथ उतरना होगा। कप्तान श्रेयस अय्यर मिडिल आर्डर में बेहतर खेल दिखा रहे हैं लेकिन उनको साथी खिलाड़ी नीतिश राणा, रिंकु सिंह और वेंसटेश अय्यर के बेहतर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इन खिलाडियों को जिम्मेदारी उठानी होगी। आंद्रे रसेल नीचले क्रम में अपना स्वाभिक खेल दिखा रहे हैं लेकिन यहां भी उनको दूसरे छोर पर साथ चाहिए। टीम के लिए उमेश यादव ने लगातार अच्छी गेंदबाजी की है लेकिन इसके अलावा दूसरी छोर से वैसा साथ नहीं मिल पाया। शुरुआती ओवर और आखिर के ओवर में टीम को जीत हासिल करने के लिए बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। पैट कमिंस, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती पर काफी कुछ निर्भर करेगा। वेंकटेश अय्यर, सैम बिलिंग्स/आरोन फिंच, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नितीश राणा, रिंकू सिंह/ शेल्डन जैक्सन, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, शिवम मावी, उमेश यादव, टिम साउथी/पैट कमिंस, वरुण चक्रवर्ती।


# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू की नजरें पदक पर

**मनीला।** दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन पर मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में सभी की नजरें होंगी। दोनों ही इस टूर्नामेंट से पहले अच्छे फार्म में हैं जिससे दोनों से उम्मीदें बढी है। कोरोना महामारी के कारण यह टूर्नामेंट दो साल बाद खेला जा रहा है। एचएस प्रणय के बाहर होने से भारत की उम्मीदों को थोड़ा झटका जरूर लगा है क्योंकि प्रणय अच्छे फार्म में थे। उनकी गैर मौजूदगी में आल इंग्लैंड रजत पदक विजेता सेन के पास अच्छा मौका होगा। उनका सामना पहले दौर में चीन के लि शि फेंग से होगा जो दो बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप स्वर्ण जीत चुके हैं।पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू का सामना पहले दौर में चीनी ताइपे की पाइ यू पो से होगा। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनकी टक्कर चीन की हि बिंग जियाओ से हो सकती है। विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत भी अच्छे फार्म में हैं जो 2016 और 2020 में एशिया टीम चैंपियनशिप में कांस्य जीत चुके हैं लेकिन व्यक्तिगत पदक नहीं जीत सके। उनका सामना पहले दौर में मलेशिया के एंग जे योंग से होगा। बी साई प्रणीत पहले दौर में चौथी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से खेलेंगे। वहीं, साइना नेहवाल का सामना पहले दौर में कोरिया की सिम युजिन से होगा।



# बार्सिलोना घरेलू मैदान पर फिर हारा, ला लीगा मुकाबले में रायो वालेकानो से मिली हार

**मैड्रिड।** बार्सिलोना की घरेलू मैदान पर तीसरी हार के कारण रीयल मैड्रिड का स्पेनिश लीग ला लीगा का खिताब जीतने का रास्ता भी साफ हो गया। बार्सिलोना को रायो वालेकानो ने 1-0 से हराया। यह पहला अवसर है जब बार्सिलोना ने किसी एक सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच गंवाए हैं। बार्सिलोना की हार से रीयल मैड्रिड पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। बार्सिलोना ने इससे पहले रायो वालेकानो के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर लगातार सात मैच जीते थे लेकिन वालेकानो के अलवारो गसिन्या के सातवें मिनट में किए गोल से उसका यह विजय अभियान थम गया। इस हार के बाद बार्सिलोना के तीसरे नंबर पर काबिज सेविया के



अब पिछले तीन सत्र में अपने दूसरे खिताब से केवल एक अंक दूर रह गया है। रीयल मैड्रिड के पास शनिवार को खिताब जीतने का मौका रहेगा जब वह एस्पेनयोल की मेजबानी करेगा। वह अभी दूसरे नंबर पर काबिज बार्सिलोना से 15 अंक आगे है। लीग में अभी बराबर अंक रह गए हैं। वह चौथे स्थान की टीम एटलेटिको मैड्रिड से केवल दो अंक आगे है। लीग में चोटी पर रहने वाली चार टीम चैंपियंस लीग में जगह बनाएगी। ला लीगा में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम स्पेनिश सुपर कप में भी जगह बनाएगी जो सऊदी अरब में खेला जाएगा।

# राशिफल

**मेष-:**आपको रुका हुआ धन मिलेगा और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. घर में कुछ बदलाव आपको काफी भावुक कर सकते हैं, लेकिन जो आपके लिए खास हैं, उनके सामने आप अपनी भावनाओं का इजहार कर पाएंगे।

**वृष-:**आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगेगा. आज आप अपने माता-पिता के साथ मंदिर जाने की योजना बना सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही परेशानियां आज खत्म हो सकती हैं।

**मिथुन-:**परिवार के लिए आज का दिन शुभ है। आत्म विश्वास में वृद्धि होगी। बहुत उत्साहित रहेंगे। साहसिक कार्य करने से बचें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क-:**आपके घर से जुड़ा निवेश फायदेमंद रहेगा। अपने करीबी लोगों के सामने ऐसी बातें उठाने से बचें, जो उन्हें दुखी कर सकती हैं। प्रेम की दृष्टि से आज का दिन बेहद खास रहेगा।

**सिंह-:**आज का दिन लाभकारी रहेगा. आज आपके दोस्त आपके रुके हुए काम में आपकी मदद करेंगे। आज आपके शत्रु आपसे दूरी बनाए रखेंगे। आज आपको अपने किसी करीबी से खुशखबरी मिल सकती है।

**कन्या-:**आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं. जल्दबाजी में निर्णय न लें। व्यापार और व्यापार के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला-:**आपके घर से जुड़ा निवेश फायदेमंद रहेगा. यदि बातचीत और चर्चा आपके अनुसार नहीं है तो आप गुस्से में कड़वी बातें कह सकते हैं, जिसके बारे में आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

**वृश्चिक-:**आज आपका दिन राहत भरा रहने वाला है. आज आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि के शायरों के लिए आज का दिन बेहद अहम रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिभा का पुरस्कार भी मिल सकता।

**धनु-:**आज का दिन नया काम शुरू करने के लिए शुभ समय है. परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद दूर कर आप अपने उद्देश्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। प्रिय व्यक्ति से मेल-मिलाप होगा।

**मकर-:**आज का दिन विशेष है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण कार्य करने की क्षमता देगा. यदि आप आय में वृद्धि के स्रोतों की तलाश कर रहे हैं, तो सुरक्षित आर्थिक परियोजनाओं में निवेश करें।

**कुंभ-:**आज भाग्य साथ देगा. ऑफिस में आज का काम इस राशि के बिजनेसमैन को ज्यादा फायदा देने वाला है। यदि आप कोई नया व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं तो आज का दिन शुभ है। धन के साथ सुख आएगा।

**मीन-:**आज निर्णय न ले पाने के कारण नए कार्यों की शुरुआत करना आपके लिए शुभ नहीं है. आज आप रिश्ते में औपचारिकता बनाए रखेंगे, अन्यथा मनमुटाव होने की संभावना है। मनोबल से सभी कार्य पूर्ण होंगे।

# सम्पादकीय

## प्रशांत किशोर वही करना चाहते थे जो राहुल गांधी अर्से से कर रहे हैं यानी अधिकार तो सभी मिले लेकिन कोई जवाबदेही न हो

नेहरू-गांधी परिवार की बलि के बकरे की तलाश अधूरी रह गई। यह परिवार हमेशा एक ऐसे व्यक्ति की तलाश में रहता है, जिसके सिर नाकामियों का ठीकरा फोड़ा जा सके। चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर हाथ में आकर भी हाथ से फिसल गए। उन्होंने कांग्रेस का प्रस्ताव ठुकरा दिया। प्रस्ताव बड़ा साफ था-जीते तो हमारी जय-जय और हारे तो तुम्हारी पराजय। प्रशांत किशोर को खेल समझ में आ गया। वह समझ गए कि उनकी दुकान स्थायी रूप से बंद कराने का इंतजाम हो रहा है। यह ऐसा परिवार है जिसे पद चाहिए, लेकिन जवाबदेही नहीं। पांच राज्यों में पार्टी चुनाव हार गई। पांचों राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों का इस्तीफा हो गया और उन्हें नियुक्त करने वाले राहुल गांधी विदेश छुट्टी मनाने चले गए। सोनिया, राहुल और प्रियंका की त्रिमूर्ति को चुनाव जिताना भले न आता हो, लेकिन पार्टी पर कब्जा बनाए रखने का मंत्र आता है। इस तिकड़ी को हर वह व्यवस्था मंजूर है, जिससे पार्टी पर उनका कब्जा बना रहे। प्रशांत किशोर बड़ी आदर्श व्यवस्था बना रहे थे। ऐसी व्यवस्था जिसमें परिवार के तीनों सदस्यों के पास सारे अधिकार हों और जवाबदेही भी। यहीं वह चूक गए। परिवार ने हार की जिम्मेदारी लेने के लिए पहले से ही एक कमेटी का गठन कर दिया। जिसका नाम है-एंपावर्ड एक्शन ग्रुप। प्रशांत किशोर से कहा गया कि इसके सदस्य बन जाएं और रणनीति का जिम्मा लें। प्रशांत किशोर ने बड़े तंज भरे लहजे में कहा कि इतना उदार प्रस्ताव देने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मुझसे ज्यादा नेतृत्व, राजनीतिक इच्छाशक्ति और संगठन में बुनियादी बदलाव की जरूरत है। राष्ट्रीय दल तो छोड़िए, किसी क्षेत्रीय दल का ऐसा अपमान कभी नहीं हुआ। एक चुनाव रणनीतिकार सार्वजनिक रूप से पार्टी में आने का प्रस्ताव ठुकरा कर चला गया। प्रशांत किशोर को भी पता है कि कांग्रेस का कुछ नहीं होने वाला। कांग्रेस के जरिये वह अपनी दुकान का विस्तार करना चाहते थे। उनकी योजना थी कि हार का ठीकरा उनके अलावा बाकी सब पर फूटे। वह इस गुंजाइश को बनाकर रखना चाहते थे कि चुनाव नतीजा आने के बाद कह सकें कि उनकी योजना पर उनके मुताबिक अमल नहीं हुआ गांधी परिवार खुश था कि जैसे 2019 के चुनाव में प्रवीण चक्रवर्ती कवच बने थे, वैसे ही अगली बार प्रशांत किशोर बन जाएंगे। 2019 के चुनाव में प्रवीण चक्रवर्ती को डेटा एनालिटिक्स एक्सपर्ट के तौर पर रखा गया था। उन्होंने राहुल गांधी को सपना दिखाया कि कांग्रेस को 180 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। हार के बाद सारा जिम्मा उन पर डाला गया। कुछ दिन हाशिये पर रखने के बाद फिर काम पर लगा दिया गया। प्रशांत किशोर नहीं चाहते थे कि वह प्रवीण चक्रवर्ती बनें, पर कांग्रेस और प्रशांत किशोर प्रकरण की वास्तविक पटकथा कुछ और ही है। यह पटकथा बता रही है कि गांधी परिवार में राजनीतिक विरासत का जो युद्ध पिछले कुछ सालों से बंद कमरे में चल रहा था, वह खुले में आ गया है। प्रशांत किशोर को मोहरे के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था और वह इस्तेमाल होने के लिए सहर्ष तैयार भी थे। शर्त इतनी थी कि इस बंटवारे में उन्हें भी केक का बड़ा हिस्सा मिले। प्रशांत किशोर प्रियंका के साथ मिलकर राहुल गांधी का पत्ता साफ करना चाहते थे। तैयारी थी प्रियंका को पार्टी अध्यक्ष बनाने की। राहुल गांधी संसदीय दल के नेता बनाए जा रहे थे। संसद में तो उनका पार्टी से भी कम मन लगता है। राहुल गांधी न तो अध्यक्ष बनेंगे और न ही अध्यक्ष पद पर किसी और को बैठने देंगे। इस समय पार्टी पर राहुल और उनकी टीम का कब्जा है। इन सब लोगों को डर था कि प्रशांत किशोर अपनी योजना में सफल हो गए तो उनकी दुकान बंद हो जाएगी। तो तय हुआ कि प्रशांत किशोर को भगाना है, पर ऐसे भी नहीं कि साफ दिखाई दे। तो मुद्दा बनाया गया दूसरे दलों से प्रशांत किशोर के व्यावसायिक संबंध को। इस पूरे प्रकरण में कांग्रेस पार्टी ने अपनी भद पिटवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।बहुत सी पार्टियां चुनाव रणनीतिकारों की सेवाएं लेती हैं, पर सारी बातचीत बंद कमरे में और व्यावसायिक रूप से होती है। कांग्रेस ने ऐसा नजारा पेश किया जैसे प्रशांत किशोर चुनावी रणनीतिकार न होकर 'जादूगर पीसी सरकार' हों। जो आएंगे और कांग्रेस पार्टी के सारे दुख-दर्द दूर कर देंगे। दरअसल दोनों पक्ष एक दूसरे को धोखे में रखने की जुगत भिड़ा रहे थे। प्रशांत वही करना चाहते थे, जो राहुल गांधी पिछले 18 सालों से कर रहे हैं।

# एलन मस्क ने क्यों खरीदा ट्विटर, भारत के लिए इस सौदे के क्या है मायनेः जानें- सब कुछ

ट्विटर को नए पंख मिल रहे हैं। विश्व के सर्वाधिक धनी व्यक्ति एलन मस्क के साथ इस इंटरनेट मीडिया मंच का सौदा तय हो गया है और यदि ट्विटर के शेयरधारकों और अमेरिकी एजेंसियों ने अनुमोदन कर दिया तो लगभग छह माह में प्रक्रिया पूरी हो सकती है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि आखिर इलेक्टिक वाहन और अंतरिक्ष विज्ञान के व्यापार के दिग्गज मस्क को ट्विटर खरीदने की क्या जरूरत आन पड़ी। क्या प्रभाव होगा इस सौदे का और भारत के संदर्भ में ट्विटर पर मस्क का स्वामित्व होने के क्या मायने हैं। इंटरनेट मीडिया संसार की इस अहम घटना से जुड़े प्रशनें के उत्तर तलाशती यह विशेष रिपोर्टः दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया में 28 जून 1971 को जन्मा एक बालक आगे चलकर विश्व का सबसे धनी व्यक्ति तो बना ही, अपने नवोन्मेष और कल्पनातीत सोच के लिए भी ख्यात है। उस बालक को हम एलन मस्क के नाम से जानते हैं जो आजकल 44 बिलियन डालर (3,34,400 करोड़ रुपये) में इंटरनेट मीडिया मंच ट्विटर के अधिग्रहण के लिए खासी चर्चा में है। मस्क को उनकी इलेक्टिक कार कंपनी टेस्ला और अंतरिक्ष मिशन से जुड़ी कंपनी स्पेसएक्स के लिए भी पहचाना जाता है। मस्क की विशेषता है, कंपनियों को चलाने में उनका मुखर लीडर का रूप। मस्क अपनी बेबाक राय बोर्ड रूम में भी रखते हैं और सार्वजनिक मंचों पर भी। फोर्ब्स के अनुसार इस समय मस्क की संपत्ति 26,460 करोड़ अमेरिकी डालर से भी अधिक है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी कंपनी टेस्ला की मार्केट वैल्यू इस समय 1.03 टिलियन डालर है। मस्क इस इंटरनेट मीडिया मंच की प्रक्रियागत और नीतिगत खामियों की तरफ प्रायः संकेत करते रहे हैं। ट्विटर खरीदने के पीछे यही कारण माना जा रहा है कि वह इसकी नीतियों और काम करने के तरीके में बड़े बदलाव करना चाहते हैं। खुद को फ्री स्पीच एक्टिविस्ट कहने वाले मस्क अब ट्विटर को अपने तरीके से चलाने की योजना बना रहे हैं। मस्क के लिए ट्विटर लोगों से अपनी बात कहने का एक सार्वजनिक मंच है ठीक वैसे ही जैसे किसी शहर के प्रमुख स्थान से जनता को संबोधित किया जाता है। वह ट्विटर पर आपत्तिजनक कंटेंट के नाम पर सामग्री ब्लाक किए जाने की प्रक्रिया को फ्री स्पीच की राह का रोड़ा मानते हैं। गत मंगलवार को ट्विटर के अधिग्रहण के बाद मस्क का बयान बता देता है कि वह क्यों इस इंटरनेट मीडिया मंच को खरीद रहे हैं। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ट्विटर को पब्लिक कंपनी से प्राइवेट कंपनी बनाते ही मस्क का दखल बढ़ सकता है और वह कंपनी की नीतियों पर निणन्य कर सकते हैं। उनके मुखर व्यक्तित्व व व्यवहार को देखते हुए यह भी माना जा रहा है कि वह ट्विटर द्वारा पूर्व में लिए गए कुछ कड़े निर्णयों को बदल भी सकते हैं। चर्चा है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ट्विटर का प्रतिबंध हट सकता है। हालांकि ट्रंप इससे इन्कार कर चुके हैं। फिलहाल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने मस्क और ट्विटर के सौदे पर प्रतिक्रिया देने से मना कर दिया है, लेकिन व्हाइट हाउस प्रवक्ता जेन साकी ने दोहराया है कि इंटरनेट मीडिया मंचों को उत्तरदायी बनाना चाहिए। कहा जा सकता है कि फ्री स्पीच के हिमायती मस्क के आने से ट्विटर पर आपत्तिनजक सामग्री, भ्रामक सूचना और





आनलाइन शोषण से संबंधित विश्व के कई देशों में बन चुके या बन रहे प्रविधानों पर प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक स्तर पर एक और चिंता बीते कुछ समय में सामने आई है, इंटरनेट मीडिया मंचों का प्रयोग कर चुनाव का प्रभावित करने का प्रयास। इस पर मस्क का सोच साफ कर देता है कि क्यों पूरे विश्व को उनके ट्विटर अधिग्रहीत करने से चिंतित होना चाहिए। मार्च में मस्क ने ट्वीट कर कहा था कि अपने उपयोगकर्ताओं के ट्वीट प्रतिबंधित करके ट्विटर ने लोकतंत्र को कमतर आंका है। उन्होंने अपने करोड़ों फालोअर्स के बीच एक सर्वे कर पूछा था कि क्या ट्विटर फ्री स्पीच को लोकतंत्र के लिए आवश्यक मानने की नीति पर काम करता है। इसके जवाब में सत्तर प्रतिशत से अधिक लोगों ने 'नहीं' कहा था। ट्विटर के सीईओ इस समय भारतवंशी पराग अग्रवाल हैं। उन्हें ट्विटर के संस्थापक व बोर्ड सदस्य जैक डोर्सी ने नवंबर 2021 में सीईओ बनाने की मंजूरी दी थी। पराग अग्रवाल को लेकर डोर्सी का बयान अहम है जिसमें उन्होंने कहा कि ट्विटर को अधिकतम विश्वसनीय और समावेशी मंच बनाने का एलन का लक्ष्य है और यही पराग का भी सोच है। मैंने इसी कारण पराग को सीईओ चुना था। डोर्सी का बयान पराग को बेहतरीन सीईओ बता रहा है, लेकिन मस्क कह चुके हैं कि ट्विटर के शीर्ष प्रबंधन में सब ठीक नहीं है। यह संकेत है कि बदलाव होगा। खुद पराग ने अधिग्रहण के बाद ट्विटर कमिय्यों को संदेश दिया है कि कंपनी में अभी अनिश्चितता का माहौल है। मस्क ने कहा है कि मैं एल्गोरिद्म में बदलाव करके ट्विटर को पहले से बहुत बेहतर बनाना चाहता हूं। यह एल्गोरिद्म ओपन सोर्स होगा ताकि विश्वास बढ़े, स्पैम बोट कम हों और सभी इंसानों का प्रमाणीकरण किया जा सके। क्या होता है स्पैम बोटः स्पैम बोट इंसान के बजाय मशीन से इंटरनेट मीडिया अकाउंट को संचालित कराने की प्रक्रिया है। इसके लाभ भी हैं और हानि भी। कई कंपनियां ग्राहकों के साथ त्वरित संवाद के लिए बोट (रोबोट समझें) का प्रयोग करती हैं, लेकिन ट्विटर जैसे मंच पर कई बार इनका प्रयोग स्पैमिंग, मंथन और उपयोगकर्ता की निजता को प्रभावित करने में भी किया जाता है। इंटरनेट मीडिया कंपनियों के लिए भारत एक विशाल बाजार है और ट्विटर भी इसे बहुत अहमियत देता है। आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2022 में भारत में ट्विटर के 2.4 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। ट्विटर प्रयोग करने वालों की संख्या के मामले में भारत विश्व में तीसरे नंबर पर है, पहले पर अमेरिका (7.7 करोड़ और दूसरे पर जापान (5.8 करोड़) हैं। भारत ट्विटर के लिए महत्वपूर्ण बाजार है, लेकिन मस्क के आने के बाद कंपनी इस बाजार में कैसे पांव पसारेगी और क्या दिक्कतें आएंगी, यह देखना रोचक होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि अभी ट्विटर के सीईओ भारतवंशी पराग अग्रवाल हैं, वह इस देश और यहां के लोगों को भलीभांति समझते हैं, लेकिन अब सब मस्क के हाथ में होगा तो उनके विचार अलग हो सकते हैं। एक और अहम बिंदु यह है कि भारत में इंटरनेट मीडिया के नियमों को लेकर ट्विटर का सरकार के साथ बीते वर्ष खासा विवाद रहा था और ट्विटर के तत्कालीन भारत प्रमुख मनीष माहेश्वरी की अदालत में पेशी की स्थिति भी बनी थी। मस्क का भारत सरकार के साथ टेस्ला कारों के आयात शुल्क को लेकर पहले से ही टकराव रहा है। चार माह पहले टेस्ला ने कहा था कि भारत में अपनी कारें लांच करने के लिए वह कई बाधाओं का सामना कर रही है। न्यूयार्क, रायटरः ट्विटर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा है कि अगर टेस्ला के सीईओ अधिग्रहण से जुड़ा सौदा रद करते हैं तो उन्हें इंटरनेट मीडिया कंपनी को एक अरब डालर का हर्जाना देना होगा। ट्विटर के मुताबिक चूंकि पूरा सौदा नो शाप प्रतिबंधों के अधीन है, इसलिए अगर वह भी सौदा करती है तो उसे भी उतना ही हर्जाना देना होगा। शेयर बाजार को दी जानकारी में यह भी पता चला है कि अगर 24 अक्टूबर तक सौदा पूरा नहीं होता है तो सौदा रद किया जा सकता है। हालांकि एंटी ट्रस्ट और विदेशी निवेश क्लीयरेंस को लेकर अगर किसी तरह की दिक्कत आती है तो सौदे को पूरा करने की समय सीमा छह महीने और बढ़ाई जा सकती है। ट्विटर के बोर्ड ने मस्क की लगभग 44 अरब डालर की अधिग्रहण बोली को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद वह इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म के मालिक बनने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। नई दिल्ली, आइएएनएसः मस्क द्वारा ट्विटर का अधिग्रहण पूरा करने के बाद इसके संस्थापक जैक डोर्सी को लगभग एक अरब डालर मिलेंगे। द वार्प की रिपोर्ट के मुताबिक डोर्सी के पास कंपनी की 2.4 प्रतिशत हिस्सेदारी (1.8 करोड़ से अधिक शेयर) है और प्रस्तावित सौदे के तहत मस्क उनकी हिस्सेदारी का भी अधिग्रहण करेंगे। डोर्सी ने वर्ष 2006 में कंपनी की स्थापना की थी और जब वह कंपनी के सीईओ थे तब उन्हें 1.40 अरब डालर का सालाना वेतन मिलता था। स्टाक में हिस्सेदारी के चलते मौजूदा सीईओ पराग अग्रवाल को 3.9 करोड़ डालर मिलेंगे। सैन फ्रांसिस्को, आइएएनएसः एलन मस्क की कंपनी टेस्ला का मार्केट कैप 127 अरब डालर घट गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बाजार को ऐसा लगता है कि फ्री स्पीच के मुद्दे पर मस्क को चीन में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि शंघाई स्थित फैक्ट्री में ही उनकी इलेक्टिक कारें बनती हैं। अप्रमेय राधाकृष्ण ने मस्क को कू से जुड़ने का न्योता दिया भारतीय माइक्रोब्लागिंग साइट कू के सह संस्थापक और सीईओ अप्रमेय राधाकृष्ण ने मस्क को कू से जुड़ने का न्योता देते हुए अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा कि हम माइक्रोब्लागिंग साइट्स के लिए एक विकेंद्रीकृत विचार लेकर आए हैं। हम दुनिया की बड़े गैर अंग्रेजी आबादी को आवाज दे रहे हैं और हर देश के कानून का बारीकियों के साथ पालन कर रहे हैं। फ्री स्पीच अभियान लेकर भारत को चिंता करने की जरूरत नहीं टेलीकाम, टेकनेलाजी और नीति विशेषज्ञ एडवोकेट आकाश करमाकर ने बताया कि ट्विटर के फ्री स्पीच अभियान लेकर भारत को न तो चिंता करने की जरूरत है न ही अनावश्यक रूप से सचेत होने की। ट्विटर को भारत में यहां के कानून का पालन करना होगा और हमारे पास सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता 2021) है। इसके अंतर्गत यदि कोई भी आचार-संहिता का उल्लंघन करता है तो जुर्माना या सजा का प्रविधान है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि हर देश के कानून का पालन करना होगा। जहां तक ट्विटर के विकल्प की बात है तो किसी भी भारतीय माइक्रोब्लागिंग साइट को उस वैश्विक स्तर पर पहुंचने के लिए बहुत समय लगेगा। मैं भी फ्री स्पीच का समर्थक हूंः आनंद महिंद्रा महद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने लोगों से ट्विटर पर अधिक से अधिक भागीदारी करने को कहा है। उन्होंने कहा कि ट्विटर से ऐसी एजेंसियों को अवश्य जुड़ना चाहिए जो फेक न्यूज का पता लगाने और तथ्य आधारित सूचना देने का काम करती हैं। ट्विटर का अधिग्रहण किए जाने के बाद मस्क ने फ्री स्पीच को लेकर नियमकानूनों को सरल बनाने का वादा किया है। इस बहस के बीच महिंद्रा ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर एक सर्वे कराया था, जिसमें उन्होंने फालोअर्स से इस बात पर राय मांगी थी कि क्या उन्हें मस्क का समर्थन करना चाहिए या नहीं। 80.7 फीसद लोगों ने फ्री स्पीच के मुद्दे पर मस्क का समर्थन करने को कहा है। जबकि 19.3 प्रतिशत ने इस कदम का विरोध किया है। महिंद्रा ने कहा कि बोलने की स्वतंत्रता का मैं भी समर्थक हूं, क्योंकि सेंसरशिप नफरत को खत्म करने का काम नहीं करती है।

# अजय देवगन के हिंदी को राष्ट्रभाषा बताने पर कुमारस्वामी ने की खिंचाई, कहा-भाजपा के एजेंडे पर काम कर रहे हैं अभिनेता

**बेंगलुरु।** बालीवुड अभिनेता अजय देवगन और कनन्ड़ अभिनेता किच्छा सुदीप के बीच हिंदी भाषा के इस्तेमाल को लेकर छिड़ा विवाद अब बढ़ता जा रहा है। इस विवाद में अब कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी भी कूद पड़े हैं। कुमारस्वामी ने ट्विटर पर लिखा, ठअभिनेता किच्छा सुदीप का कहना है कि हिंदी एक राष्ट्रभाषा नहीं है, एकदम सही है। उनके बयान में गलती खोजने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने इसी के साथ आगे कहा कि अभिनेता अजय देवगन न केवल स्वभाव से हाइपर हैं, बल्कि अपने ऊटपटांग व्यवहार को भी दिखा रहे हैं। भाषा की राजनीति करने के लिए केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि देवगन भाजपा के हिंदी राष्ट्रवाद के एजेंडे के मुखपत्र के रूप में बड़बड़ा रहे हैं। एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि शुरू से ही केंद्र में हिंदी आधारित राजनीतिक दल क्षेत्रीय भाषाओं को नष्ट करने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिसने क्षेत्रीय भाषाओं को नष्ट करने की शुरुआत की, अब उसे भाजपा जारी रख रही है। कुमारस्वामी ने आगे कहा कि अगर एक बड़ी आबादी हिंदी बोलती है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि यह राष्ट्रभाषा बन जाती है। उन्होंने आगे ट्वीट किया, ठदेवगन को यह महसूस करना चाहिए कि कनन्ड़ सिनेमा हिंदी फिल्म उद्योग से आगे निकल रहा है। कनन्ड़ सिनेमा के प्रोत्साहन के कारण हिंदी सिनेमा विकसित हुआ है। देवगन को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनकी पहली फिल्म 'फूल और कांटे' बेंगलुरु में एक साल तक चली।ठ इससे पहले कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी देवगन को इस मामले पर घेरा था। उन्होंने कहा था कि ठहिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा कभी नहीं थी और कभी नहीं होगी। हमारे देश की भाषाई विविधता का सम्मान करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। प्रत्येक भाषा का अपना समृद्ध इतिहास है, जिस पर लोगों को गर्व होना चाहिए। बता दें कि शुक्रवार को दक्षिण स्टार किच्छा सुदीपा ने हिंदी को भारत की राष्ट्रीय भाषा न होने की बात कही थी। जिसके बाद बालीवुड अभिनेता अजय देवगन के साथ उनका ट्विटर पर वाकयुद्ध हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक इवेंट के दौरान सुदीपा ने कहा कि हिंदी अब राष्ट्रभाषा नहीं रही। इसके बाद, देवगन ने अपने ट्विटर हैंडल पर सुदीपा की टिप्पणी पर अपने विचार व्यक्त किए थे। उन्होंने कहा कि, ठकिच्चा सुदीप, मेरे भाई, आपके अनुसार, अगर हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा नहीं है तो आप अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करके क्यों रिलीज करते हैं? हिंदी हमारी मातृभाषा और राष्ट्रभाषा थी, है और हमेशा रहेगी।



उन्होंने ट्विटर पर छिड़े इस विवाद को लेकर बालीवुड अभिनेता अजय देवगन पर कटाक्ष करते हुए कहा, अजय न केवल स्वभाव से हाइपर हैं, बल्कि अपने अजीब व्यवहार को भी दिखा रहे हैं। एचडी

# कैबिनेट के फैसले : छह महीने में 60 हजार करोड़ रुपये उर्वरक सब्सिडी देगी सरकार

## पीएम स्वनिधि योजना 2024 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उर्वरक की महंगाई के कुप्रभाव से घरेलू किसानों को बचाने के लिए सरकार ने 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की उर्वरक सब्सिडी की घोषणा की है। यह सब्सिडी चालू खरीफ सीजन के बाबत केवल अप्रैल से सितंबर (छह महीने) के लिए है। पिछले वित्तीय वर्ष के लिए उर्वरक सब्सिडी 57 हजार करोड़ रुपये थी। इस भारी सब्सिडी का उपयोग डाई अमोनियम फास्फेट (डीएपी) समेत अन्य फास्फेटिक और पोटैशियम (पी एंड के) उर्वरकों के बढ़े मूल्यों पर काबू पाने के लिए किया जाएगा। सब्सिडी की दरें एक अप्रैल से लागू मानी जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की हुई बैठक में चालू खरीफ सीजन के लिए उर्वरक सब्सिडी के प्रस्तावों पर मुहर लगा दी गई। पहली छमाही के लिए कुल 60,939.23 करोड़ रुपये की यह सब्सिडी होगी। आगामी रबी सीजन के लिए सब्सिडी की घोषणा बाद में की जा सकती है। किसानों को उनकी खेत की उर्वरा क्षमता और फसल की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता है। किसानों को डीएपी अभी भी 1,350 रुपये प्रति बोरी की दर से ही मिलेगी, इस पर 2,501 रुपये प्रति बोरी की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। ठाकुर ने कहा कि डीएपी पर वर्ष 2020-21 में प्रति बोरी 512 रुपये की सब्सिडी दी गई थी। सूचना प्रसारण मंत्री ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उर्वरक की महंगाई का विस्तार से ब्योरा देते हुए कहा कि इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सरकार किसी भी हाल में किसानों पर बोझ नहीं पड़ने देगी। पोषक आधारित सब्सिडी स्कीम (एनबीएस) की शुरुआत अप्रैल 2010 की गई थी। इसके तहत नाइट्रोजन, फास्फेट और पोटास (एनपीके) पर प्रति किलो के आधार पर सब्सिडी का प्रविधान किया गया है। कैबिनेट ने रेहड़ी पटरी वालों के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना को भी दिसंबर 2024 तक बढ़ाने पर मुहर लगा दी है। इस योजना के तहत बिना किसी गारंटी के रेहड़ी पटरी वालों को कर्ज दिया जाता है। इस योजना की राशि को भी बढ़ाकर 8,100 करोड़ रुपये कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर (ळहग्दह श्हगॅ्री ॅहर्ले ऊॅर्फ्लि) ने बताया कि वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में बेहतर इंटरनेट और डेटा सेवाओं में सुधार के लिए 2जी मोबाइल सेवाओं को 4जी में अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए यूनिवर्सल सर्विस आब्लिगेशन फंड परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस पर 2,426.39 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिन 2जी टावरों को 4जी में बदला जाना है वे सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हैं। इनमें भारत में बने 4जी कोर नेटवर्क, रेडियो नेटवर्क एवं टेलीकाम नेटवर्क का इस्तेमाल किया जाएगा। इन सभी टावरों को भारत संचार निगम लिमि?टेड यानी बीएसएनएल (एॅ्थ्) अपग्रेड करके संचालित करेगा इसके साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जम्मू-कश्मीर में 540 मेगावाट की क्वार पनबिजली परियोजना के निर्माण के लिए 4,526.12 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट ने 4,526.12 करोड़ रुपये की लागत से 540 मेगावाट की क्वार हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। यह परियोजना 54 महीनों में शुरू की जाएगी। 540 मेगावाट का क्वार हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर बनाया जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### एनपीआर में जन्म, मृत्यु और प्रवास को अपडेट करना जरूरी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय की 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, जन्म, मृत्यु और प्रवास के कारण होने वाले परिवर्तनों को शामिल करने के लिए, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को फिर से अपडेट करने की आवश्यकता है। गृह मंत्रालय की यह रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने असम को छोड़ पूरे देश में एनपीआर डाटाबेस को अप्रैल से सितंबर 2020 तक जनगणना 2021 के हाउस लिस्टिंग चरण के साथ राज्य / केंद्रशासित प्रदेश सरकारों की सुविधा के अनुसार अपडेट करने का फैसला किया है। हालांकि, कोरोना के प्रकोप के कारण, एनपीआर अपडेशन और अन्य संबंधित क्षेत्र की गतिविधियों को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप होगा स्कूलों का नया पाठ्यक्रम

**नई दिल्ली।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ( एनईपी ) आने के बाद से ही स्कूलों के लिए नया पाठ्यक्रम तैयार करने का काम भी तेजी से चल रहा है। हालांकि अभी इसके तैयार होने में सालभर से ज्यादा वक्त लगेगा। लेकिन इससे पहले ही इसके स्वरूप को लेकर तरह-तरह की शंकाएं उठना शुरू हो गई है। यह ठीक वैसी ही है जैसा पहले नीति के आने से पहले शिक्षा का भगवाकरण करने का आरोप लगाया जा रहा था। एनसीईआरटी ने इस बीच साफ किया है कि नया स्कूली पाठ्यक्रम बिल्कुल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ही होगा। साथ ही यह भी नीति की तरह निर्विवाद और भविष्य की जरूरतों पर फोकस करते हुए होगा। खासबात यह है कि स्कूलों के लिए तैयार हो रहे नए पाठ्यक्रम को नीति के अनुरूप ही रखने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक संचालन समिति भी गठित कर रखी है। जिसका प्रमुख पूर्व इसरो प्रमुख और देश के वरिष्ठ वैज्ञानिक डाक्टर के.कस्तूरीरंगन को बनाया गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी कस्तूरीरंगन की अगुवाई में तैयार की गई थी। जो अब तक विवादों से लगभग दूर रही है।सरकार की सोच स्कूलों के लिए तैयार हो रहे पाठ्यक्रम को भी नीति की तरह विवादों से ही दूर रखने की है। इस कमेटी में कस्तूरीरंगन के अलावा शिक्षा के क्षेत्र से जुडे 12 और अन्य लोगों को भी शामिल किया गया है।

# सोमेंदर तोमर ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का प्रथम बार नोएडा आगमन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** वैकल्पिक ऊर्जा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का प्रथम बार नोएडा आगमन हुआ। जिले में सभी जगह उनका स्वागत हुआ। उसके बाद मंत्री जी भाजपा कार्यालय सेक्टर 116 पहुँचे। जहाँ उन्होंने सभी जिला पदाधिकारी, मंडलों के से जल्द निबटने की बात कही। अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा की भाजपा हमेसा सबका साथ सबका विश्वास पर काम करती है और हमेशा जनता के लिए काम करती रहेगी, कार्यकर्ता हमारी पार्टी की रीढ होती है उनका मान सम्मान कभी नहीं झुकने देंगे। इस मौक़े पर जिला प्रभारी बसंत



प्रभारी ,अध्यक्ष सभी मोर्चों के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों की समस्त टीम व कार्यकर्ता से मुलाक़ात किया । कार्यालय में महानगर जलिाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने उनका स्वागत किया और उसके बाद उनको सभी पदाधिकारियों से मिलवाया कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी से नॉएडा से सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा की। मंत्री जी ने भाजपा की जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत के लिए धन्यवाद दिया और उनको सभी समस्याओं को जल्द त्यागी,जिला महामंत्री उमेश त्यागी,गणेश जाटव,हरीशचंद भाटी,योगेन्द्र चौधरी,उपाध्यक्ष मनीष शर्मा,मुकेश शर्मा, युद्धवीर चौहान , गिरजा सिंह,गिरीश कोटनाला,धर्मेंद्र गुप्ता,विनोद शर्मा,योगेन्द्र चौधरी,रवि यादव,उमेश यादव,पंकज झा,कल्लू सिंह लोकेश कश्यप,लोकेश यादव,एस पी चमोली,अशोक मिश्रा,ओमबीर अवाना,इंद्रजीत जाटव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के तहत दिव्यांगजनों को प्राप्त होगे कृत्रिम अंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।**जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लवेश कुमार सिसौदिया ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों का आह्वान करते हुये उन्हें जानकारी दी है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के तहत दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर/ ट्राईसाइकिल, वैशाखी, कान की मशीन एवं नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए सेंसर स्टिक निःशुल्क दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इच्छुक दिव्यांगजन जो उपकरण प्राप्त करना चाहते हैं, वह समस्त अभिलेखों के साथ अपना आवेदन पत्र विकास भवन सूरजपुर कमरा नंबर 107 गौतम बुद्ध नगर में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं। उन्होंने उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए पात्रता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समस्त श्रेणी के दिव्यांग व्यक्ति जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो, जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपए एवं नगरीय क्षेत्र में 56460 तक हो, जो तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र के अतिरिक्त सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद नगर पंचायत अध्यक्ष एवं तहसीलदार द्वारा जारी भी मान्य होगा। दिव्यांगता प्रदर्शित 1 फोटो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांग का प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज होने अनिवार्य है।

# दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्र की सुप्रीम कोर्ट में अपील

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के विवादित मुद्दे को समग्र व्याख्या के लिए संविधान पीठ के पास भेजा जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश



एनवी रमणा की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि संविधान पीठ को भेजे गए 2017 के आदेश को महज पढ़ने से ही यह समझा जा सकता है कि संदर्भ की शर्तों के लिए अनुच्छेद 239 के सभी पहलुओं की व्याख्या की आवश्यकता है। मेहता ने पीठ से कहा, 'उक्त संदर्भ का संवैधानिक महत्व इस तथ्य से पता चलता है कि दिल्ली के लिहाज से विधायिका और मंत्रिपरिषद के लिए संविधान के 69ए संशोधन के माध्यम से अनुच्छेद 239एए लागू किया गया। इस तथ्य के मद्देनजर इसका महत्व और बढ़ जाता है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी भी है और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) के शासन माडल में स्थायी रूप से केंद्र सरकार को केंद्रीय भूमिका निभानी होगी, भले ही विधानसभा या मंत्रिपरिषद हों।पीठ में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली भी शामिल थीं। मेहता ने पीठ से कहा, 'इस वजह से अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रदत्त शासन के माडल को दिल्ली एनसीटी के लिए उचित नहीं समझा जाता है। उन्होंने कहा कि एक उचित शासन माडल सुझाने के लिए बालकृष्णन समिति का गठन किया गया था।

# आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नितिन



अग्रवाल ने आज यहां सर्किट हाउस, अयोध्या में आबकारी विभाग की समीक्षा की। बैठक में मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि विभाग का राजस्व बढ़ाने के साथ साथ अवैध मदिरा निर्माण, बिक्री एवं अवैध मदिरा परिवहन पर अंकुश लगाना बेहद जरुरी है। जिस क्षेत्र में अवैध शराब बनाई एवं बिक्री की जा रही है वहां के जिला आबकारी इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। विभागीय कार्यों की जानकारी लेते हुए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार 100 दिन की कार्य योजना बनाकर कार्य करें और जो राजस्व लक्ष्य रखा गया है उसे प्राप्त करें। आगे माननीय मंत्री जी ने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायतें बिलकुल बर्दास्त नही की जायेंगी। ईमानदारी से कार्य करें, मेरा सपोर्ट हमेशा आप लोगों के साथ है। इस फाइनेंशियल ईयर में विभाग का राजस्व लक्ष्य 42.5 हजार करोड़ का है। मुख्यमंत्री जी के 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मै दृढ़ संकल्पित हूं। इसलिए मै चाहता हूं कि विभाग के सभी लोग मिलकर ईमानदारी से कार्य करें और ज्यादा से ज्यादा रेवेन्यू जनरेट कर माननीय मुख्यमंत्री जी के 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करें। समीक्षा बैठक में जॉइंट कमिशन्र धीरज सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भूमाफियाओं द्वारा डूब क्षेत्र की सरकारी भूमि पर हो रही है अवैध प्लॉटिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जहां स्पष्ट किया गया है कि भूमाफियाओं को किसी भी कीमत पर नही बख्शा जाएगा वहीं योगी आदित्यनाथ के ही मुलाजिम उनके आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। गौतमबुद्धनगर के बिसरख, रोजा जलालपुर व सोरखा में हिंडन नदी के डूब क्षेत्र की सरकारी भूमि को भूमाफियाओं द्वारा खुलेआम बेचा जा रहा है मगर गौतमबुद्ध नगर का प्रशासन इस ओर कतई ध्यान नही दे रहा। जबकि बिसरख निवासी सुधीर भाटी पुत्र स्व. संजोग भाटी ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, डीजीपी, एडीजी लॉ एंड आर्डर, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर को लिखित में शिकायती पत्र दिया है, किंतु भूमाफियाओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा कोई एक्शन नही लिया जा रहा। सुधीर भाटी द्वारा की गई शिकायत के अनुसार गांव बिसरख जलालपुर में हिन्डन नदी के डूब क्षेत्र की भूमि को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सीधे रजिस्ट्री अपने हक में कराकर किसानों को मुआवजा दिया था। जमीन किसानों से प्राधिकरण ने अपने कब्जे में ले ली थी। अब उस सैंकड़ो बीघा भूमि पर भूमाफिया अजय, कुलदीप, भारत, योगेश, अरविन्द, विकास आदि को प्रशासन की मिली भगत से प्लॉटिंग कर बेच रहे हैं। गरीबों के खून पसीने की कमाई को खुलेआम लूटा जा रहा है। फर्जी?दस्तावेजों के आधार पर बकायदा रजिस्टर्ड करा रहे हैं। शिकायत के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा इन लोगों के विरूद्ध कोई उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अफसर नोटों की गर्मी से कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। सूत्रों का दावा है रिश्वतखोरी के इस खेल में थाना पुलिस से लेकर तहसील, और प्राधिकरण के अफसर लिप्त है। यदि ऐसा नही है तो फिर सरकारी भूमि पर प्लॉटिंग की जा रही है और प्रशासन को पता नही है।

# 126 कोरोना के नए मरीज मिले जिसमें 26 मरीज बच्चे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।**कोरोना संक्रमित 126 नए मरीजों की पुष्टि मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने की। इन मरीजों में 26 की किशोर और बच्चे हैं। सक्रिय और नए मरीजों के लिहाज से जिले में सबसे ज्यादा मरीज हैं। होम आइसोलेशन से 100 मरीज स्वस्थ हुए। अभी भी जिले में 689 मरीजों का इलाज चल रहा है। जिसमें कोविड अस्पताल में सात मरीजों का इलाज चल रहा है। जिसमें एक की भी उम्र 18 साल से कम नहीं है। प्रतिदिन 1500 से ज्यादा कोरोना संदिग्ध मरीजों का इलाज चल रहा है।कोरोना संक्रमित कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 99,951 हो गई है। बुधवार को कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या एक लाख तक पहुंचने की संभावना है। वहीं स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या 98772 है। अब तक कोरोना संक्रमित 490 मरीजों की मौत इलाज के दौरान हुई है। अभी भी कोरोना की संक्रमण दर 5 प्रतिशत बनी हुई है।

# शादी अनुदान योजना के तहत गरीब अभिभावकों की पुत्रियों की शादी के लिए दिया जा रहा अनुदान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर लवेश कुमार सिसोदिया ने जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों का आहवान करते हुये उन्हें जानकारी दी है कि शादी अनुदान योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) के गरीब अभिभावकों की पुत्री की शादी के लिए 20 हजार रूपये की अनुदान राशि दी जायेगी। शादी अनुदान प्राप्त करने के लिए शादी से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन बाद तक लिंक पर जाकर अपना आनलाइन आवेदन कर सकतें है। उन्होने शादी अनुदान योजना के पात्रता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) का होना चाहिए तथा पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिये एवं आवेदक की आय गरीबी की सीमा के तहत शहरी क्षेत्र में 56460 रूपये वार्षिक तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रूपये वार्षिक होनी अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र लगाने की आवश्यकता नही हैं, ऐसे लाभार्थियों को अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर आवेदन करते समय भरना होगा एवं आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिये। जिला सहकारी बैंक का खाता पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर स्वीकृत नही किया जायेगा। अतः उक्त योजना में इच्छुक व्यक्ति पहचान पत्र, बैंक पास बुक, शादी का कार्ड, पुत्री का आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवेदक के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है। उक्त योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय संख्या 111, विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क करके प्राप्त कर सकतें है।

# गार्डन गैलेरिया मॉल में हत्या के आरोप में बाउंसर सहित 7 गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।**थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-38 में स्थित गॉर्डन गैलेरिया मॉल के लॉस्ट लेमन पब में बाउंसरों की पिटाई से एक कंपनी के मैनेजर बृजेश राय (35) की मौत मल्टीपल हेड इंजरी से हुई थी। देर रात आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने नामजद 8 आरोपियों में से 7 को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि 1 फरार आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि 25 अप्रैल को करीब रात्रि 10.00 बजे गार्डन गलेरिया मॉल के रेस्टोरेन्ट लॉस्ट लेमन पब में खाने के बिल के लेनदेन को लेकर वादिया के साथी बृजेश राय के साथ मारपीट करते हुए सर पर लातों से गम्भीर चोट पंहुचा कर बृजेश को घायल कर दिया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने बृजेश को मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर-39 पर वादिया द्वारा मु0अ0स0 239/ 2022 धारा 302/34 भादवि बनाम रेस्टोरेन्ट के मैनेजर आदि अन्य के विरूद्ध एफआईआर पंजीकृत कराया गई। पुलिस ने कई टीमें बनाई थी और मात्र 24 घंटे मे थाना सेक्टर-39 के थाना प्रभारी प्रदीप आलिया और उनकी टीम द्वारा अभियुक्तों कुमेर सिंह बंगारी पुत्र भोपाल सिंह बंगारी, हिमांशु कुमार पुत्र मोहन कुमार, देवेन्द्र सिंह



(मैनेजर) पुत्र सोवन सिंह मैडी ठाकुर पुत्र विक्रम सिंह, गुड्डू सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह .कपिल उर्फ नाहर सिंह पुत्र धारा सिंह, (मैनेजर) सुन्दर सिंह रावत पुत्र बहादुर सिंह रावत को गार्डन गैलेरिया मॉल से गिरफ्तार किया। जिनमें एक नामजद व एक अज्ञात अभियुक्त फरार चल रहा है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी आई है जिससे बृजेश की मौत हुई। घटना के बाद से पुलिस ने जिन होटल या बार में शराब परोसने के लाइसेंस ले रखे हैं उनकी जांच की जाएगी साथ ही पुलिस आबकारी विभाग को भी लिखकर अवगत कराएगा कि उन्होंने किन गाइडलाइन के आधार पर होटल व बार को लाइसेंस दिए हैं। साथ ही उनमें तैनात बाउंसर और सिक्योरिटी गार्ड का सत्यापन भी किया जाएगा तथा जिन एजेंसियों के गार्ड तैनात किए गए हैं। एजेंसियों की भी पुलिस जांच कराएगी।

# 14 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मोबाईल वैन को हरी झंडी दिखाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आज दिनांक 27 को प्रातः 10 बजे जनपद गौतमबुद्धनगर के जनसामान्य के मध्य व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए माननीय जनपद न्यायाधीश,




गौतमबुद्ध नगर श्री अशोक कुमार-सप्तम द्वारा जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार-वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त प्रचार वाहन के माध्यम से आमजनमानस के मध्य आगामी लोक अदालत के संदर्भ में व्यापक प्रचार- प्रसार किया जायेगा तथा जनसामान्य को लोक अदालत में प्रतिभागिता हेतु जागरूक किया जाएगा। प्रचार वाहन जनपद गौतमबुद्धनगर के तीनों तहसीलों में स्थित ग्रामों में तथा नगरीय क्षेत्रों में लोक अदालत के बाबत व्यापक प्रचार -प्रसार करते हुये जनमानस को जागरुक करेगा। प्रचार वाहन को रवाना करते समय माननीय जनपद न्यायाधीश के साथ जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर के समस्त न्यायिक अधिकारी क्रमशः प्रथम अपर जिला जज श्री वेदप्रकाश वर्मा, विशेष न्यायाधीश दिनेश सिंह, तृतीय अपर जिला जज, श्री पुष्पेन्द्र सिंह, पंचम अपर जिला जज श्रीमती मोना पवार, श्रीमती ऋचा उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुशील कुमार सिविल जज सी0 डि0, जयहिंद कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डा0 सुरेश कुमार, प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,प्रदीप कुशवाहा, द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विकास कुमार वर्मा, तृतीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अवधेश कुमार, सिविल जज सी0 डि0/ एफटीसी, श्रीमती वंदना अग्रवाल सिविल जज जू0 डि0, श्रीमती महिमा जैन, सिविल जज जू0 डि0, सुश्री नितिका महाजन, सिविल जज जू0 डि0, सुश्री हर्षिका रस्तोगी, सिविल जज जू0 डि0 एवं एन0पी0सी0एल0 विभाग से कपिल शर्मा व अधिक संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आज दिनांक 27 अप्रैल को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने तथा चिन्हित किये गये वादों में नोटिस/सम्मन तामील कराये जाने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण को उनके न्यायालयों में लंबित अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने तथा चिन्हित किये गये वादों में नोटिस व समन की तामीला सुनिश्चित करने हेतु अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मा0 जनपद न्यायाधीश द्वारा दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अशोक कुमार सप्तम के साथ श्री वेदप्रकाश वर्मा, अपर जिला जज प्रथम, श्री दिनेश सिंह अपर जिला जज द्वितीय, श्री पुष्पेन्द्र सिंह, अपर जिला जज तृतीय, श्री जयहिंद कुमार सिंह, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के साथ समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित हुये।जिला सूचना अधिकारी, सम्मानित सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र एवं इलैक्ट्रौनिक मीडिया व सोशल मीडिया तथा एफ0एम0 रेडियो आदि के माध्यम से निःशुल्क प्रभावी व्यापक प्रचार-प्रसार की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# अट्टा बाजार का जाम हटाने का काम प्राधिकरण ने शुरू किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** सेक्टर-18 व 27 स्थित अट्टा बाजार के बीच की सड़क को जाम मुक्त करने के लिए



यातायात पुलिस के साथ-साथ नोएडा प्राधिकरण ने भी काम करना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को अट्टा बाजार के सामने रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया। वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस का ऑटो-ई रिक्शा रोकने का ट्रायल जारी है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि डीएससी (दादरी-सूरजपुर-छलेरा) रोड पर जगह-जगह हो रखे अतिक्रमण को हटाया गया। खासतौर से अट्टा बाजार के सामने सड़क व फुटपाथ पर लगे रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया। यहां से 30 से अधिक रेहडि़यों को जब्त किया गया। प्राधिकरण की कार्रवाई का पहले ही पता चलने पर काफी रेहड़ी वाले पहले ही वहां से हट गए थे। वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस ने रास्ते को जाम फ्री करने के लिए ऑटो-ई रिक्शा को शाम को व्यस्त समय में वैकल्पिक रास्तों से निकाला। सोमवार से यहां पर इस व्यवस्था का ट्रायल शुरू किया गया है।

# मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर बीएल इंटरनेशनल कम्पनी पर होगी बड़ी मजदूर किसान महापंचायत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।** मैसर्स- बी. एल. इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नंबर- 38, जी, उद्योग



विहार ग्रेटर नोएडा के कम्पनी प्रबंधकों द्वारा गैरकानूनी तरीके से कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के विरोध में 28 अप्रैल को 14 वें दिन भी सीटू के बैनर तले कर्मचारियों का कम्पनी के गेट पर धरना प्रदर्शन जारी है।कल दिनांक 27 को उप श्रम आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता जी ने कम्पनी पर पहुंचकर दोनों पक्षों में वार्ता कराकर समझौता कराने का प्रयास किया लेकिन देर शाम तक घंटों चली वार्ता मे बी एल कम्पनी के प्रबंधकों की हठधर्मिता के चलते समझौता नहीं हो सका। नाराज श्रमिकों ने आंदोलन को तेज करने की घोषणा किया।सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि आंदोलन की रणनीति तय करने के लिए मई दिवस की पूर्व संध्या पर 30 अप्रैल 2022 को शाम 4:00 बजे कम्पनी के समक्ष धरना स्थल पर बड़ी सभा आयोजित की जाएगी जिसे सीटू के राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर के नेताओं के साथ-साथ जनपद के विभिन्न मजदूर यूनियनों व किसान संगठनों के नेतागण संबोधित करेंगे।

# अजय देवगन-किच्चा सुदीप के हिन्दी भाषा विवाद पर आया सोनू सूद का रिएक्शन

**नई दिल्ली।** अजय देवगन की फिल्म 'रनवे 34' कल यानी 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म के प्रमोशन में बिजी अजय देवगन का नाम 'रनवे 34' से ज्यादा साउथ के स्टार किच्चा सुदीप के साथ शब्दों की जंग के कारण चर्चा में है। ट्विटर पर दोनों के बीच चल रही इस लड़ाई में अब एक्टर सोनू सूद भी कूद पड़े हैं। कन्नड सुपरस्टार किच्चा सुदीप के एक बयान ने साउथ और नॉर्थ फिल्म इंडस्ट्री में घमासान मचा दिया। दरअसल, हुआ ये कि किच्चा सुदीप ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा मानने से इनकार कर दिया। इस पर अजय देवगन ने ट्वीट कर उन्हें आड़े हाथों लिया। बस फिर क्या था किच्चा सुदीप के इस बयान पर फिल्म इंडस्ट्री दो गुटों में बंट गई। कोई अजय देवगन के साथ है, तो कोई सुदीप के। अब इस मामले में सोनू सूद ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। हिन्दी विवाद पर सोनू सूद ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा- मुझे नहीं लगता हिन्दी को बस राष्ट्रभाषा कहा जा सकता है। भारत की एक भाषा है, जो है एंटरटेनमेंट। इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सी इंडस्ट्री से आते हैं। अगर आप लोगों को एंटरटेन करते हैं तो वे आपसे प्यार करेंगे। आपका सम्मान करेंगे और आपका सम्मान करेंगे। बता दें कि हिन्दी फिल्मों से ज्यादा नाम सोनू सूद ने साउथ की फिल्मों से कमाया है। सोनू सूद ने केजीएफ, आरआरआर और पुष्पा जैसी साउथ फिल्मों की सक्सेस पर भी बात की। वे कहते हैं- साउथ फिल्मों की सफलता से हिन्दी फिल्मों के निर्माण में भी बदलाव आएगा। वो जमाना गया जब लोग कहते थे कि फिल्म देखने के लिए दिमाग घर पर छोड़कर के जाना। अब लोग सिर्फ अच्छा सिनेमा देखना चाहते हैं। अब ये देखने दिलचस्प होगा कि आने वाले समय में कौन कौन से सितारे इस अजय-सुदीप की इस लड़ाई में कूदते है।



# आपत्तिजनक MMS पर शिल्पी राज ने दिया रिएक्शन

**नई दिल्ली।** भोजपुरी सिनेमा की मशहूर सिंगर शिल्पी राज का नाम बीते कुछ समय एक एमएमएस को लेकर चर्चा है। हाल ही में एक आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। जिसको देखने के बाद ऐसी अफवाह थी कि वीडियो में दिखने वाली लड़की शिल्पी राज हैं। अब इस पूरे मामले में खुद शिल्पी राज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वीडियो में दिखने वाली लड़की वह नहीं है। इस अफवाह से वह काफी परेशान हो रही हैं। यह बात शिल्पी राज ने अंग्रेजी वेबसाइट टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए कही हैं। उन्होंने हाल ही में वेबसाइट का इंटरव्यू दिया और उनके नाम पर उड़ रही अफवाहों पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। शिल्पा राज ने कहा है, 'ईमानदारी से, मैंने एमएमएस नहीं देखा है। मुझे बताया गया था कि यह मेरे नाम से वायरल किया जा रहा है। मुझे आश्चर्य है कि एमएमएस में लड़की कौन है।' सिंगर ने आगे कहा, 'वीडियो में दिखने वाली लड़की मैं नहीं हूं। ये सारी कोई साजिश है मुझे बदनाम करने की। इंडस्ट्री में जब कोई बढ़ता है तो लोग गलत-शलत बोलते रहते हैं। महिला की कोई इज्जत नहीं।' इस पूरे मामले में पुलिस की मदद लेने को लेकर शिल्पी राज ने कहा, 'हमने कोर्ट में केस किया है। बिना तथ्यों का पता लगाए या उस व्यक्ति तक पहुंचे बिना किसी वीडियो पर किसी का नाम चिपकाना बहुत गलत है। यह पहला इंटरव्यू है जो मैं किसी मीडिया आउटलेट को दे रहा हूं।' इसके अलावा शिल्पी राज ने और भी ढेर सारी बातें की हैं। गौरतलब है कि बीते दिनों एक एमएमएस तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें एक लड़की आपत्तिजनक स्थिति में अपने बॉयफ्रेंड के साथ दिख रही हैं। यही नहीं वीडियो में एक तीसरा शख्स भी मौजूद है जो वीडियो बना रहा है। इस वीडियो में दोनों लड़कों ने अपने चेहरे को पूरी तरह से कवर किया हुआ था। वीडियो काफी वायरल हुआ था। आपको बता दें कि शिल्पी राज भोजपुरी इंडस्ट्री की एक जानी-मानी सिंगर हैं। उन्होंने खेसारी लाल यादव और पवन सिंह समेत कई बड़े सेलिब्रिटी के साथ काम किया है। शिल्पी ने अपने करियर में कई हिट गाने दिए हैं। जो दर्शकों के बीच काफी पसंद किए गए हैं। उन्होंने खेसारी के साथ 'जाड़ा लगता', 'बस कर पगली', 'झगड़ा', 'दो घूंट', 'बबुआ के खुश कर दा' जैसे गाने गाए हैं।



# सीआईडी की 'इंस्पेक्टर' का बाथरूम में नहाते हुए वीडियो हो रहा वायरल

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस जासूसी शो 'ण्घ्‌' ने कई सालों तक दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया है। इस शो का हर कलाकार अपनी दमदार एक्टिंग और डायलॉग्स के चलते दर्शकों के बीच खूब पंसद किया गया है। वहीं में इंस्पेक्टर के रोल से अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस मेघा गुप्ता इन दिनों लगातार चर्चा में बनीं हुई हैं। मेघा रियल लाइफ मे काफी बोल्ड हैं। एक्टिंग के साथ मेघा सोशल प्लेटफॉर्म पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर ही अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर फैंस के दीवाना बनाती हैं। इसी बीच मेघा का एक वीडियो इंटरनेट पर आग लगा रहा है। उनके इस वीडियो ने इंटरनेट की गर्मी को चार गुना बढ़ा रही हैं। यहां देखें वीडियो है मेघा गुप्ता ने इंस्टाग्राम आकउंट पर अपना एक लेटेस्ट बोल्ड वीडियो पोसट कर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। मेघा का ये वीडियो बाथरूम का है। इस वीडियो में वह बाथरूम में नहाती नजर आ रही हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि मेघा बाथरूम में शावर लेती दिख रही हैं। वह अपनी बॉडी पर शॉल्ट जैसा कुछ लगा रही हैं। वहीं उनके बाथरूम का इंटीरियर देखने लायक है। मेघा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है। इस पर लगातार कमेंट की जैसे बाढ़ सी आ गई है। हर कोई इस वीडियो पर कमेंट कर एक्ट्रेस की हॉटनेस की तारीफ करता दिख रहा है आपको बता दें कि मेघा गुप्ता 'कुमकुम, ममता', 'आहट', 'ड्रीम गर्ल' और 'आयुष्मान भवा' सहित कई टीवी सीरियल्स में अपनी एक्टिंग से दर्शकों दिलों को जीत चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने 'सीआईडी' में भी काम किया है। उन्होंने इस शो में इंस्पेक्टर मेघा गुप्ता का रोल किया था। जिसको दर्शकों ने खूब पसंद किया। वहीं मेघा गुप्ता 'सावधान इंडिया', 'कोड रेड' और 'एमटीवी बिग एफ' में भी नजर आ चुकी है। सोशल मीडिया पर मेघा गुप्ता की फैन फॉलोइंग भी काफी ज्यादा है, यही वजह है जो उनकी तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं।



# बिना किसी विजुअल के आमिर खान ने सुनाई अपनी 'कहानी'

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आमिर खान की बहुचर्चित फिल्म लाल सिंह चड्ढा का पहला गाना रिलीज हो गया है। गाने का नाम कहानी है। इस गाने को बिना किसी विजुअल के रिलीज करने पर आमिर खान ने कहा कि यह गाना उन्हें और करीना को देखने से ज्यादा सुनने के लायक है। रेडियो 93.5 एफएम पर अपना दिल और आत्मा डाल दी है।' सोशल मीडिया पर फिल्म लाल सिंह चड्ढा का पहला गाना कहानी तेजी से वायरल हो रहा है। आमिर खान के फैंस गाने को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर फिल्म के लिए अपनी एक्साइटमेंट जाहिर कर रहे हैं।



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा पहला गाना कहानी रिलीज हो गया है। इस गाने को सबसे पहले रेडियो स्टेशन पर रिलीज किया गया है। कहानी गाने में प्रीतम ने अपना संगीत दिया है और अमिताभ भट्टाचार्य ने इस गाने को लिखा है।

गाने को बिना विजुअल के रिलीज किया गया है, जिसमें केवल गाने के शब्द नजर आ रहे हैं। कहानी गाने को म्यूजिक कंपनी टी सीरीज ने अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है। साथ की आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने भी कहानी गाने के रिलीज होने की जानकारी दी है। हालांकि सबसे पहले इस गाने को रेडियो स्टेशन पर रिलीज किया गया था। कहानी गाने में प्रीतम ने अपना संगीत दिया है और अमिताभ भट्टाचार्य ने इस गाने को लिखा है। जबकि आवाज मोहन खनन ने दी है। कहानी गाने के बोल दिल को छू देने वाले हैं। गाना कहानी रिलीज करते हुए दिग्गज अभिनेता ने कहा, 'मुझे सच में विश्वास है कि लाल सिंह चड्ढा के गाने फिल्म की आत्मा हैं और इस एल्बम में मेरे करियर के कुछ बेहतरीन गाने हैं। प्रीतम, अमिताभ, गायकों और तकनीशियनों को सुर्खियों में रखना एक बहुत ही जानबूझकर लिया गया निर्णय था क्योंकि न केवल वे इस मंच के लायक हैं बल्कि संगीत भी इसके उचित श्रेय का हकदार है।' आमिर खान ने आगे कहा, 'मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि दर्शकों ने उस संगीत पर क्या प्रतिक्रिया दी है जिसमें टीम ने अपना दिल और आत्मा डाल दी है।' ... आपको बता दें कि फिल्म लाल सिंह चड्ढा हॉलीवुड की ऑस्कर विनिंग फिल्म फॉरेस्ट गम्प का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म के जरिए आमिर लगभग ढाई साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहे है। आखिरी बार मुख्य अभिनेता के तौर पर आमिर खान को फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तान में देखा गया था। यह फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। शराज बैनर की इस फिल्म में आमिर ने पहली बार अमिताभ बच्चन के साथ काम किया था। कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख फीमेल लीड में थीं।


# ब्लैक जैकेट और रिप्ड जींस में दिखा निया शर्मा का ग्लैमरस अंदाज

**नई दिल्ली।**जमाई राजा से घर-घर में लोकप्रिय हुई छोटे परदे की बड़ी एक्ट्रेस निया शर्मा अक्सर अपने ग्लैमरस अंदाज से लोगों का दिल जीत लेती हैं। निया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरें शेयर करती हैं। निया शर्मा का फैशन कभी तो उनके फैन्स को काफी पसंद आता है, लेकिन कभी-कभी वह अपने इसी बोल्ड अंदाज लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल भी हो जाती हैं। अब हाल ही में निया शर्मा ने सोशल मीडिया पर कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसे देखने के बाद फैन्स उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। निया शर्मा ने हाल ही में अपने वेकेशन की तस्वीरें अपने इन्स्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में निया ब्लैक जैकेट और रिप्ड जींस में नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए अपने बालों को खुला रखा है और साथ ही रिप्ड जींस और जैकेट के साथ उन्होंने बूट्स पहने हुए है और साथ ही आंखों पर गॉगल्स लगाया हुआ है। निया शर्मा का ये लुक बहुत ही अमेजिंग हैं। इन तस्वीरों में निया शर्मा कभी बर्फ पर पोज कर रही हैं, तो कभी वह बर्फ में लेटी हुई हैं। अन्य तस्वीर में वह बर्फ के ऊपर लकड़ी की नाव में बैठी हुई हैं। एक तस्वीर में निया बर्फ में लेटी हुई मुस्कुरा रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए निया शर्मा ने कैप्शन में लिखा, 'सने पियर्सर'। निया शर्मा की यह ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरें उनके फैन्स को खूब पसंद आ रही है। एक यूजर ने उनकी पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'मेरी खूबसूरत लड़की'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'आप अपना समय एन्जॉय करो, ढेर सारी मस्ती करो और कई खूबसूरत पल बिताते हुए तस्वीरें हमारे साथ शेयर करो'। अन्य यूजर ने लिखा, 'मेरी बार्बी डॉल'। फैन्स को निया शर्मा की ये तस्वीरें खूब पसंद आ रही हैं। निया शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में सीरियल काली-एक अग्निपरीक्षा से की थी। इसके बाद वह शो 'बहनें' में नजर आईं। साल 2011 में निया शर्मा ने सीरियल 'एक हजारो में मेरी बहना है' में काम किया। इस शो में निया ने सेकंड लीड काम किया। इसके बाद निया ने जमाई राजा, इश्क में मरजावां, नागिन 4, जैसे कई शोज में काम किया। निया ने टेलीविजन के अलावा विक्रम भट्ट की वेब सीरीज 'टिवस्टेड' में भी काम किया था, इसके अलावा कई म्यूजिक वीडियो का हिस्सा भी रह चुकी हैं।



# आखिर क्यों बोर हो रहे दर्शक सोशल मीडिया पर बोले

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले 13 सालों से भी ज्यादा समय से अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो के फैन क्लब में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। बात चाहे जेठालाल को पड़ने वाली बापूजी की डांट हो, या टप्पू और भिड़े के बीच की खट्टी-मीठी तकरार, लोगों को ये सब कुछ ही गुदगुदाता है। पर शायद इस शो के दिन आजकर कुछ खास अच्छे नहीं चल रहे। एक तरफ टीआरपी में इसका नामोनिशान नहीं है, दूसरी तरफ शो को लेकर लोगों का मानना है कि ये अब बोर करने लगा है। दरअसल, हाल के एक एपिसोड में सोशल मैसेज देने के चक्कर में राइटर्स भारी गलती कर गए। शो में गोकुलधाम सोसायटी के मेंबर्स के बीच म्यूजिकल नाइट दिखाई गई, जहां आइकॉनिक गानों पर चर्चा चल रही थी। इस चर्चा के बीच, लता मंगेशकर के मोस्ट पॉपुलर गाना 'ऐ मेरे वतन के लोगों' को लेकर गलत जानकारी दी गई। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की टीम एक फैक्ट में गलती को लेकर रडार पर आ गई। विवाद इतना बढ़ा कि मेकर्स और पूरी टीम को सभी दर्शकों से अलग से माफी तक मांगनी पड़ी। तारक मेहता के मेकर्स की इस माफी वाली पोस्ट पर लोगों ने जमकर कमेंट किया। ज्यादातर का मानना है कि शो अब हंसाने की बजाए बोर करने लगा है। किसी ने लिखा, 'हम इस इंतजार में रोज शो को देखते है कि काश पहले जैसे हंस सकें, पर अफसोस अब आपके सीरियल में सिर्फ ज्ञान होता है, कॉमेडी नहीं'। तो किसी ने लिखा, 'शो की कंटेंट क्वालिटी लगातार गिर रही है। एक ही टॉपिक को बेवजह कई दिनों तक खींचा जाता है। हम तो अब बस आपके पुराने एपिसोड ही देखते हैं। साथ ही कुछ लोगों ने स्क्रिप्ट राइटर बदलने की मांग की। बता दें कि इससे पहले दिलीप जोश भी शो की घटती पॉपुलैरिटी की बात को एक्सेप्ट कर चुके हैं। उन्होंने ये भी कहा था कि हर एपिसोड उतना ही मजेदार नहीं बन सकता। हालांकि शो में दायबेन का किरदार निभा रही दिशा वकानी के शो छोड़ने से भी काफी फर्क पड़ा है।




# हॉलीवुड के लिए ऑडिशन देकर फेल हो चुके हैं टाइगर श्रॉफ, बताया क्यों करना चाहते हैं बाहर की फिल्मों में काम

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ फिल्मों में अपने शानदार एक्शन और डांस के लिए जाने जाते हैं। वह कई फिल्मों में अपने एक्शन का धमाकेदार डोज दर्शकों को दे चुके हैं। टाइगर श्रॉफ जल्द फिल्म हीरोपंती 2 में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ऐसे में टाइगर श्रॉफ फिल्म हीरोपंती 2 का जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान टाइगर श्रॉफ ने अपने करियर को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि वह हॉलीवुड फिल्मों में काम करना चाहते हैं। वह एक सुपरहीरो को भूमिका अदा करना चाहते हैं। टाइगर श्रॉफ के बेटे ने यह भी बताया है कि उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों के लिए ऑडिशन भी दिया था, लेकिन वह उसमें कामयाब नहीं हो सके। टाइगर श्रॉफ के इस बयान की काफी चर्चा हो रही है। टाइगर श्रॉफ ने हाल ही में अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा को इंटरव्यू दिया है। इस दौरान उन्होंने फिल्म हीरोपंती 2 को लेकर ढेर सारी बातें कीं। हॉलीवुड फिल्मों में काम करने को लेकर टाइगर श्रॉफ ने कहा, 'वेस्टर्न में यंग एक्शन हीरो के मामले में एक शून्य है। मेरे उम्र का कोई एक्शन हीरो है ही नहीं, और शायद मैं जिस तरह की चीजें करता हूं। हम देखते थे कि शायद 90 के दशक में किसी के पास ऐसी स्किल्स नहीं थी। अभिनेता आगे कहते हैं, 'स्पाइडर-मैन से पहले किसी को ऐसे स्किल्स करते नहीं देखा है। लेकिन मेरा मकसद उस जगह पर पहुंचना और वेस्टर्न में अपनी किस्मत आजमाना है। मुझे एक दो बार ऑफर किया गया है। मैंने दो बार ऑडिशन दिया है और ऑडिशन में असफल रहा हूं, लेकिन मैं अभी भी कोशिश कर रहा हूं। देखते हैं आगे क्या होता है'। इसके अलावा टाइगर श्रॉफ ने और भी ढेर सारी बातें की हैं। बात करें उनकी फिल्म हीरोपंती 2 की तो इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनेत्री तारा सुतारिया और अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी विलेन का किरदार निभा रहे हैं। बीते दिनों हीरोपंती 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे नवाजुद्दीन सिद्दीकी और टाइगर श्रॉफ के फैंस ने खूब पसंद किया था। यह फिल्म साल 2014 में आई हीरोपंती का सीक्वल है।



# शिवम शर्मा के बाद इस कैदी को मिली फिनाले में एंट्री

**नई दिल्ली।** कंगना रनोट का विवादित शो अपने अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है, ऐसे में उनकी अत्याचारी जेल में मौजूद बचे हुए कैदी किसी भी तरह फिनाले में एंट्री कर जीतने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। सभी कैदी एक दूसरे के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं, तो वही कोई किसी को धोखा दे रहा है। हालांकि अब कंगना के शो को उनका एक और फाइनलिस्ट मिल चुका है और शिवम शर्मा के बाद अब कंगना रनोट की इस अत्याचारी जेल में सभी मुश्किलो को पार करके फिनाले रेस में शामिल हो चुका है। कंगना रनोट की जेल के सबसे शातिर खिलाड़ी कहे जाने वाले मुनव्वर फारुकी भी अब लॉकअप के फिनाले रेस में पहुंच चुके हैं और शिवम शर्मा के बाद अब वह फाइनलिस्ट बनने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। दरअसल ये फिनाले रेस चार कैदियों के बीच थी, जिसमें सायशा शिंदे, पूनम पांडे, मुनव्वर फारुकी और पायल रोहतगी के बीच टास्क हुआ। जेल में मौजूद दो कंटेस्टेंट आजमा फलाह और अंजलि अरोड़ा पहले से ही चार्जशीट का हिस्सा होने की वजह से टास्क में शामिल नहीं हुए। फिनाले रेस में खुद की जगह बनाने के लिए इस टास्क में सभी कैदियों को टनल पार करते हुए बाहर आना था। जो भी तीन कैदी ये टास्क जीतते वह आपस में फिनाले रेस के लिए लड़ते। पायल रोहतगी इस टास्क में चौथी आई, जिसकी वजह से वह फिनाले रेस से पहले ही बाहर हो गई। उसके बाद खुद को सुरक्षित करने के लिए पूनम, सायशा और मुनव्वर फारुकी के बीच टास्क हुआ। जहां सीक्रेट रूम में अटैच लैडर को जल्द ही ढूंढ लिया। लैडर ढूंढने के बाद तीनों को जल्द से जल्द अपना रास्ता बनाकर बाहर आना था, जहां सबसे पहले मुनव्वर फारुकी अपने टनल से सीक्रेट रूम में सही रास्ता ढूंढ कर बाहर आ गए।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका है। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे है इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं है ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते है। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।






स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





**कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र**
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

**सीधे प्रवेश सूचना**

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर्स, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी०सी०ए०), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी०एन०सी० प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए
**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415606710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274